RNI NO. PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

**गुस्ताखी माफ**

अमरीका से देखिए, कितना अंधा प्यार।
समझें अपने देश को, बिल्कुल ही बेकार।
बिल्कुल ही बेकार, स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी।
नहीं बनाते कभी, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी।
कह साहिल कविराय, यहां का लगता फीका।
भारत प्यारा नहीं, इन्हें प्यारा अमरीका।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 03 | ISSUE 59 | TUESDAY DATE 24-03-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## दिल्ली के विकास को अधिक गति देगा इस बार का बजट: रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 मार्च।** 'खीर सेरेमनी' के साथ दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र का आगाज हो चुका है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को बजट सत्र से पहले पारंपरिक 'खीर रस्म' निभाई।

दिल्ली में भाजपा सरकार बनने के बाद बजट सत्र से पहले 'खीर सेरेमनी' की शुरूआत की गई। इस रस्म में पारंपरिक भारतीय मिठाई तैयार की जाती है, उसे भगवान को चढ़ाया जाता है और फिर बजट बनाने में शामिल लोगों और आम जनता के बीच बांटा जाता है।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि बजट 2026-27 हमारी सरकार का दूसरा बजट है। यह दिल्ली के विकास की गति बढ़ाने वाला बजट है। यह दिल्ली के लोगों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने वाला बजट है। यह दिल्ली के विकास को अधिक गति देगा और राष्ट्रीय राजधानी की एक सकारात्मक छवि को दर्शाएगा। उन्होंने कहा कि यह ऐसा बजट होगा, जिसमें छात्रों के लिए सुविधाएं, शहर के लोगों के लिए बेहतर स्वास्थ्य इंफ्रास्ट्रक्चर, बेहतर हवा और स्वच्छता व हरी-भरी दिल्ली का सपना है। आज समय सपनों को पूरा करने का है। हमने पिछले साल दिल्ली की दिशा बदलने का काम किया। अब दिल्ली की दशा बेहतर हो, इसके लिए यह बजट काम करेगा।

सीएम रेखा गुप्ता ने आगे कहा, 'दिल्ली की जनता का बहुत-बहुत अभिनंदन है। हमारा प्रण है कि दिल्ली की जनता की सेवा करते हुए सरकार हर समय काम करे व राष्ट्रीय राजधानी को और बेहतर बनाए।'

## संक्षिप्त खबरें

### अखिलेश का ऐलान, सत्ता में आने पर महिलाओं को सालाना 40,000 रुपये की पेंशन

**लखनऊ, यूटर्न/ 23 मार्च।** समाजवादी पार्टी प्रमुख और पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले महिलाओं को लेकर बड़ा चुनावी वादा किया है।



उन्होंने घोषणा की कि यदि उनकी पार्टी सत्ता में आती है, तब आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित महिलाओं को सालाना 40,000 रुपये की पेंशन मिलेगी। यह योजना समाजवादी पेंशन योजना के पुनर्जीवित रूप के तौर पर लागू की जाएगी। इस पहल का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त कर आत्मनिर्भर बनाना है। लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में अखिलेश ने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण राज्य के विकास के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने 'नारी समृद्धि सम्मान योजना' शुरू करने की भी बात कही, जिसके तहत महिलाओं के लिए नई सुविधाएं और लाभकारी योजनाएं लाई जाएंगी।

### मेहनत से जो कमाया उसे बच्चों में बांट रहा हूं, मैंने राजनीति से कुछ नहीं कमाया : सिद्धू

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 मार्च।** पंजाब के सीनियर नेता नवजोत सिंह सिद्धू ने अपनी संपत्ति का बंटवारा कर दिया है। उन्होंने अपने जीते जी बेटे और बेटी के नाम पर संपत्ति बांट दी है। उन्होंने फेसबुक पर इस संबंध में विस्तार से जानकारी दी। सिद्धू का कहना है कि उन्होंने अपने पटियाला स्थित पैतृक घर को बेटे करन सिद्धू के नाम किया है। वहीं अमृतसर के अपने खुद के बनाए घर को बेटी राबिया को सौंपा। इस तरह उन्होंने विरासत को समय रहते ही बांटने का फैसला कर लिया। उनके इस फैसले की काफी चर्चा हो रही है और संपत्ति में बेटी को भी बड़ा हिस्सा दिए जाने की तारीफ की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक नवजोत सिंह सिद्धू का पटियाला की यादविंद्र कॉलोनी में बाराबरी गार्डन के पास पुस्तैनी मकान है।

## कालाबाजारी-जमाखोरी पर सख्ती के निर्देश: नरेंद्र मोदी



**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 मार्च।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को लोकसभा में कहा कि कोरोना के समय हम एकजुटता से ऐसी चुनौतियों का सामना कर चुके हैं। हमें फिर से उसी तरह से तैयार रहने की आवश्यकता है। धीरज के साथ, संयम के साथ, शांत मन से हमें हर चुनौती का मुकाबला करना है। यही हमारी पहचान है, यही हमारी ताकत है। हमें बहुत सावधान और सतर्क भी रहना है। पीएम मोदी ने कहा कि हालात का फायदा उठाने वाले झूठ फैलाने का प्रयास करेंगे। ऐसे लोगों की कोशिशों को सफल नहीं होने देना है। मैं देश की सभी राज्य सरकारों से भी इस सदन के माध्यम से आग्रह करूंगा कि ऐसे समय में कालाबाजारी करने वाले, जमाखोरी करने वाले सक्रिय हो जाते हैं। इसके लिए कड़ी निगरानी की जरूरत है। जहां से भी ऐसी शिकायत आती है, वहां त्वरित कार्रवाई होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि संकट की स्थिति में भारतीयों की सुरक्षा हमारी बहुत बड़ी प्राथमिकता रही है। पश्चिम एशिया युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक 3.72 लाख से अधिक भारतीय सुरक्षित भारत लौट चुके हैं। ईरान से एक हजार भारतीय सुरक्षित लौटे हैं। इनमें 700 से अधिक मेडिकल की पढ़ाई करने वाले युवा हैं। खाड़ी के देशों में हजारों भारतीय विद्यार्थी पढ़ते हैं। सीबीएसई ने ऐसे सभी भारतीय स्कूलों में होने वाली कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं को रद्द कर दिया है। छात्रों की पढ़ाई लगातार चलती रहे, इसके लिए सीबीएसई उचित कदम उठा रही है।

### भारत के पास उर्वरकों का पर्याप्त भंडार, इथेनॉल मिश्रण से तेल आयात कम करने में मिल रही मदद

भारत के पास उर्वरकों का पर्याप्त भंडार मौजूद है और आयात विविध बना हुआ है। यह बयान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को दिया। संसद को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सरकार ने उर्वरकों का पर्याप्त भंडार रखा है। लोकसभा में पश्चिम एशिया संकट पर बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, 'हमने पिछले वर्षों में किसानों की सहायता के लिए कई कदम उठाए हैं। उर्वरक आयात में विविधता लाई गई है। हमने किसानों को 'मेक इन इंडिया उर्वरक' का विकल्प भी दिया है।' सरकार ने खरीफ मौसम के लिए किसानों पर पड़ने वाले प्रभाव और उनकी उर्वरक आवश्यकता का आकलन किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में उर्वरकों का पर्याप्त भंडार बनाए रखने के लिए उठाए गए कदम समय पर उपलब्धता और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि डीजल पर निर्भरता कम करने के लिए किसानों को 22 लाख से अधिक सौर पंप दिए गए हैं।

### टीबी मुक्त भारत की ओर बड़ा कदम: जेपी नड्डा लॉन्च करेंगे 100 दिन का अभियान

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 मार्च।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय 24 मार्च को विश्व टीबी दिवस के अवसर पर एक राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम आयोजित करेगा। यह आयोजन उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा स्थित गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में संपन्न होगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा करेंगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के टीबी-मुक्त भारत के विजन के अनुरूप, टीबी उन्मूलन की दिशा में भारत की प्रगति को दशार्ना है। यह राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के तहत हासिल की गई प्रमुख उपलब्धियों, नवोन्मेषी रणनीतियों और मजबूत सामुदायिक भागीदारी को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करेगा।



### बिहार के सीएम नीतीश कुमार जहानाबाद पहुंचे, 70 करोड़ रुपए की योजनाओं का उद्घाटन

**पटना, यूटर्न/ 23 मार्च।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार को अपनी 'समृद्धि यात्रा' के क्रम में जहानाबाद पहुंचे। यहां उन्होंने जिले में विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन के संबंध में भी जानकारी ली और कार्य तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री इस क्रम में गांधी मैदान में आयोजित कार्यक्रम स्थल से रिमोट के माध्यम से जिले के लिए 70 करोड़ रुपए की लागत से 88 योजनाओं का उद्घाटन एवं 182 करोड़ रुपए की लागत से 73 योजनाओं का शिलान्यास किया।



### ढोंगी बाबा खरात ने महिला को अप्सरा बताकर किया यौन शोषण गर्भवती होने पर गर्भपात की गोलियां दीं

**नासिक, यूटर्न/ 23 मार्च।** महाराष्ट्र के नासिक में कथित ढोंगी बाबा अशोक खरात से जुड़ा एक और गंभीर मामला सामने आया है, जिसने इलाके में सनसनी फैला दी है। सरकारवाड़ा पुलिस थाने में उसके खिलाफ यह तीसरा मामला दर्ज हुआ है। आरोप है कि खरात ने एक विवाहित महिला को उसकी निजी परेशानियों का फायदा उठाकर अपने जाल में फंसा लिया। जानकारी के अनुसार, पारिवारिक विवाद से परेशान महिला जब समाधान के लिए ढोंगी खरात के पास पहुंची, तब आरोपी ने खुद को त्रिकालज्ञानी और अवतारी पुरुष बताकर उसका विश्वास जीत लिया।

## राज्यसभा में मोबाइल डेटा प्लान्स का विषय, राघव चड्ढा ने कहा- कंपनियां कर रही हैं अनयूज्ड डेटा की लूट

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 मार्च।**



राज्यसभा में आप सांसद राघव चड्ढा ने मोबाइल फोन यूजर्स से जुड़े एक मुद्दे को उठाया गया। राघव चड्ढा ने आरोप लगाया कि देश के करोड़ों मोबाइल यूजर रोजाना डेटा प्लान्स के जरिए अप्रत्यक्ष रूप से लूटे जा रहे हैं।

सोमवार को इस विषय पर बोलते हुए उन्होंने इस पूरी व्यवस्था को उपभोक्ता अधिकारों से जुड़ा गंभीर मामला बताया। सांसद ने विस्तार से समझाते हुए कहा कि जब कोई यूजर अपना मोबाइल रिचार्ज कराता है, तो उसे उसके प्लान के अनुसार प्रतिदिन 1.5 जीबी, 2 जीबी या 3 जीबी डेटा मिलता है। लेकिन यह डेटा 'डेली लिमिट' के रूप में होता है, जो हर दिन रात 12 बजे समाप्त हो जाता है। यदि उस दिन का पूरा डेटा उपयोग नहीं हुआ, तो बचा हुआ डेटा स्वतः समाप्त (फॉरफिट) हो जाता है और अगले दिन के लिए कैरी फॉरवर्ड नहीं किया जाता।

राज्यसभा में बोलते हुए उन्होंने सवाल उठाया कि जब उपभोक्ता पूरे डेटा का पैसा देता है, तो उसे पूरा डेटा उपयोग करने का अधिकार क्यों नहीं मिलता। इस व्यवस्था को उन्होंने एक उदाहरण से समझाया। उन्होंने कहा, यदि किसी व्यक्ति ने महीने की शुरूआत में अपनी गाड़ी में 20 लीटर पेट्रोल भरवाया और महीने के अंत तक केवल 15 लीटर ही उपयोग हुआ, तो क्या पेट्रोल पंप वाला बचा हुआ 5 लीटर वापस ले लेगा? इसका जवाब है, नहीं, क्योंकि उपभोक्ता ने पूरे 20 लीटर का भुगतान किया है।

## बेफिक्र होकर देशसेवा कीजिए, आपके परिवार की सुरक्षा, सम्मान सरकार के जिम्मे : योगी

**» लखनऊ, यूटर्न/ 23 मार्च।**

आप बेफिक्र होकर देशसेवा कीजिए। आपके परिवार समेत प्रदेश की 25 करोड़ जनता की सेवा, सहूलियत, सुरक्षा और सम्मान सरकार के जिम्मे है। सरकार इसे लेकर पहले दिन से गंभीर है।' ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' में आए सैनिकों से कहीं। मुख्यमंत्री ने सैनिकों की समस्याएं सुनीं और उन्हें आश्वस्त किया कि निश्चिंत होकर घर जाइए। सरकार हर समस्या का उचित निराकरण कराएगी। 'जनता दर्शन' में विभिन्न जनपदों से पुलिस, जमीनी विवाद, आर्थिक सहायता व स्थानांतरण आदि से जुड़े मामले भी आए। सीएम ने एक-एक कर सबकी समस्याओं को सुना, प्रार्थना पत्र लेकर अधिकारियों को समय सीमा के अंदर उनके उचित निस्तारण का निर्देश दिया।



'जनता दर्शन' में कई जनपदों से सैनिक भी आए। इनमें से कुछ मामले जमीनी विवादों के भी थे। सीएम योगी ने इनके प्रार्थना पत्र लिए और स्थानीय जिला-प्रशासन व पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि देश की सीमा व आंतरिक सुरक्षा में तैनात जवानों से संपर्क करें। उनकी समस्याओं का हर हाल में समयसीमा के अंदर उचित निराकरण कराएं और पीड़ित परिवार को संतुष्ट करें। 'जनता दर्शन' में पुलिस, जमीनी विवाद, आर्थिक सहायता और स्थानांतरण से जुड़े मामले भी आए। सीएम योगी ने पीड़ितों के प्रार्थना पत्र लेते हुए कहा कि जमीनी विवाद में सभी पक्षों को सुनकर नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# पालम अग्निकांड: आशीष सूद का बयान, 'भाजपा सरकार ने ब्लेम पॉलिटिक्स की कोशिश नहीं की'

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 मार्च।**



दिल्ली के गृह मंत्री आशीष सूद ने दिल्ली विधानसभा में पालम अग्निकांड के संबंध में वक्तव्य दिया। उन्होंने स्पीकर से कहा कि आपने दिल्ली के एक बहुत ही ज्वलंत, बहुत ही महत्वपूर्ण और दुखदायी विषय पर मुझे अपनी बात कहने का और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में जो दिल्ली के इंफ्रास्ट्रक्चर के हर सेगमेंट में हो रहे विकास और जिस प्रकार से दृढ़ प्रशासनिक कदमों से मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार आगे बढ़ रही है, वो विषय यहां सदन में रखने का अवसर दिया।

उन्होंने कहा कि मैं आग की घटना पर गहरा दुख व्यक्त करता हूं। इस घटना में जिन लोगों की जान गई है, उनकी सद्गति की प्रार्थना करता हूं और जिन लोगों ने अपने परिजनों को खोया है, मैं इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़ा हूं, मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पूरी सरकार उनके साथ खड़ी है। इससे पहले कि मैं इस घटनाक्रम पर क्रमबद्ध तरीके से अपनी बात कहूं, मैं सदन के पटल पर इस बात को बहुत जिम्मेदारी के साथ रखना चाहता हूं कि जिस दिन वो घटना घटी, पूरी सरकार पूरी जिम्मेदारी के साथ उस घटना के पीड़ितों के साथ रही। आशीष सूद ने कहा कि घटना की रिपोर्ट आते ही दो घंटे से भी कम समय में मुख्यमंत्री ने मजिस्ट्रियल इन्क्वायरी की बात कही, मृतकों और घायलों के लिए एक्स-ग्रेशिया की घोषणा की।

# सदन की कार्यवाही में भाग न लेना सदन की गरिमा और संसदीय मयार्दा के खिलाफ: विजेंद्र गुप्ता

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 मार्च।**



दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सोमवार को बजट सत्र के पहले दिन विपक्षी आम आदमी पार्टी (आप) के सदस्यों द्वारा सदन की कार्यवाही का बहिष्कार करने की कड़ी निंदा की।

विधानसभा अध्यक्ष ने एक बयान में कहा कि विपक्ष के सदस्यों और विपक्ष की नेता आतिशी द्वारा सदन के बाहर किए जा रहे विरोध प्रदर्शन की मैं कड़ी निंदा करता हूं। विधानसभा अध्यक्ष गुप्ता ने कहा कि सदन का बहिष्कार करना और उसकी कार्यवाही में भाग न लेना सदन की गरिमा और संसदीय मयार्दा के घोर विरुद्ध है। यह बयान उन्होंने तब दिया जब आम आदमी पार्टी के सदस्य कथित तौर पर सदन के पिछले सत्र में अपनी पार्टी के चार विधायकों के निलंबन को रद्द करने की मांग को लेकर कार्यवाही से दूर रहे। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में सदन ही वह स्थान है, जहां चर्चा और संवाद होना चाहिए, लेकिन विपक्ष का बजट सत्र से खुद को अलग रखना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

उन्होंने आगे कहा कि जब दिल्ली का बजट पेश किया जा रहा है, ऐसे समय में विपक्ष की भागीदारी और उपस्थिति अत्यंत महत्वपूर्ण है। चर्चा में भाग लेने के बजाय बाहर विरोध प्रदर्शन करना स्थापित संसदीय परंपराओं के विपरीत है। विधानसभा अध्यक्ष गुप्ता ने आगे कहा कि यह अत्यंत खेदजनक है कि पिछले विधानसभा सत्र में सिख गुरुओं के अपमान का गंभीर मुद्दा उठाए जाने के बाद से विपक्ष के नेता (अतिशी) सदन में उपस्थित नहीं हुए हैं और अभी भी अनुपस्थित हैं। उन्होंने कहा कि सदन की कार्यवाही में भाग न लेना और इस प्रकार लोकतांत्रिक प्रक्रिया में बाधा डालना संवैधानिक संस्थाओं पर कब्जा करने के समान है।

उन्होंने आगे कहा कि आज सदन में कई महत्वपूर्ण रिपोर्टें पेश की गई हैं, जिन पर विपक्ष को अपना पक्ष रखना चाहिए और चर्चा में भाग लेना चाहिए। विशेषकर दिल्ली बजट पेश होने के समय विपक्ष की उपस्थिति अनिवार्य और अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने आगे कहा कि संसदीय परंपराओं के विरुद्ध उद्दंडता दिखाना और बार-बार अध्यक्ष की अवहेलना करना अत्यंत निंदनीय है।

## आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत सूचीबद्ध अस्पतालों की संख्या बढ़कर हुई 36,229; 11.69 करोड़ लोगों का हुआ इलाज

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 मार्च।** आयुष्मान भारत योजना के तहत 28 फरवरी 2026 तक कुल 11.69 करोड़ लोगों को अस्पताल में भर्ती होने की मंजूरी दी गई, जिनमें से 6.74 करोड़ भर्ती निजी अस्पतालों में हुई। यह जानकारी सरकार ने सोमवार को संसद में दी।



स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने लोकसभा में लिखित जवाब में बताया कि यह सुनिश्चित करने के लिए सख्त दिशा-निर्देश लागू हैं कि अस्पताल योजना के लाभार्थियों को इलाज देने से मना न करें। अगर किसी मरीज को इलाज से मना किया जाता है या कोई गड़बड़ी होती है, तो वह सेंट्रलाइज्ड ग्रिवांस सिस्टम के जरिए शिकायत कर सकता है या चौबीसो घंटे टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 14555 पर कॉल कर सकता है।

मंत्री ने बताया कि इस योजना के तहत शिकायतों के समाधान के लिए जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर तीन स्तर की व्यवस्था बनाई गई है। हर स्तर पर नोडल अधिकारी और शिकायत निवारण समितियां मौजूद हैं, जो मामलों की जांच कर समाधान करती हैं। सरकार ने यह भी बताया कि इस योजना से जुड़े अस्पतालों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हुई है। 2018-19 में जहां 6,917 अस्पताल जुड़े थे, वहीं 28 फरवरी 2026 तक यह संख्या बढ़कर 36,229 हो गई है। इनमें 19,483 सरकारी और 16,746 निजी अस्पताल शामिल हैं, जिससे देश भर में एक बड़ा हेल्थकेयर नेटवर्क तैयार हुआ है। मंत्री ने कहा कि अस्पतालों को योजना में जोड़ने की प्रक्रिया लगातार जारी रहती है और यह राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा जरूरत और उपलब्ध सुविधाओं के आधार पर की जाती है। दावों (क्लेम) के निपटान को लेकर सरकार ने कहा कि यह प्रक्रिया नियमित और बिना रुकावट के चल रही है। राज्य स्वास्थ्य एजेंसियां तय समय सीमा के भीतर क्लेम का निपटान करती हैं, जिसमें राज्य के अंदर इलाज के मामलों में 15 दिन में और दूसरे राज्य में इलाज (पोर्टेबिलिटी) के मामलों में 30 दिन के भीतर निपटान किया जाता है।

## आगरा कैंट रेलवे स्टेशन के पूर्व चीफ यार्ड मास्टर दोषी करार, रिश्वतखोरी मामले में 4 साल की सजा

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 23 मार्च।** गाजियाबाद की सीबीआई कोर्ट ने सोमवार को एक अहम फैसले में आगरा कैंट रेलवे स्टेशन के तत्कालीन चीफ यार्ड मास्टर रफी अहमद को रिश्वतखोरी के मामले में दोषी ठहराते हुए 4 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही, अदालत ने आरोपी पर 10 हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया है। सीबीआई की ओर से जारी एक प्रेस नोट के अनुसार, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने इस प्रकरण में 4 जुलाई 2015 को मामला दर्ज किया था। आरोप था कि रफी अहमद ने एक ठेकेदार से 30 हजार रुपये की अवैध रिश्वत की मांग की थी। यह रिश्वत उस जुमार्ने को कम करने के बदले मांगी गई थी, जो ठेकेदार पर ट्रेन में गार्ड्स लाइन बॉक्स के लोडिंग और अनलोडिंग के कार्य को संतोषजनक ढंग से न करने के कारण लगाया गया था। इस मामले में शिकायत मिलने के बाद सीबीआई ने ट्रैप बिछाया और आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपी को उस समय पकड़ा गया, जब वह शिकायतकर्ता से रिश्वत की पहली किस्त के रूप में 5 हजार रुपए स्वीकार कर रहा था।



## विवाहिता की मौत, दहेज हत्या का आरोप

**खोड़ा, यूटर्न/ 23 मार्च।** थानाक्षेत्र स्थित आजाद विहार कॉलोनी निवासी प्रियंका की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उसका शव 20 मार्च को फंदे से लटका मिला था। प्रियंका के पिता जालौन निवासी भीकम सिंह ने बेटी के ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज मामले में उन्होंने बताया कि बेटी प्रियंका की शादी 19 जनवरी 2025 को खोड़ा निवासी नीरज से की थी। शादी के बाद से ससुराल पक्ष के लोग कार और प्लाट खरीदने के लिए महिला पर मायके से रुपये लाने का दवाब बना रहे थे। आरोप है कि मना करने पर 20 मार्च को ससुरालियों ने प्रियंका की गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या के बाद शव फंदे पर लटका दिया।

उन्होंने पति नीरज, ससुर शिव नारायण, सास स्यामश्री, आशू, नेहा, अनिल कुमार और विजय के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि पति और ससुर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर दिया गया है। जल्द अन्य लोग भी गिरफ्तार किए जाएंगे।

## 40 लाख की अफीम और स्मैक के साथ तीन गिरफ्तार

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 23 मार्च।** लिंकरोड थाना पुलिस और मेरठ की एएनटीएफ की टीम ने रविवार को मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार किया। आरोपी लिंकरोड थानाक्षेत्र स्थित महारजपुर के रहने वाले गुलजार त्यागी, आमिर खान और दिल्ली निवासी साहिल हैं।

तीनों के पास से तीन किलो 200 ग्राम अफीम और 156 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। पुलिस के अनुसार बरामद हुए माल की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 40 लाख रुपये आंकी गई है। पूछताछ में आरोपियों ने दिल्ली के कश्मीरी गेट के पास एक महिला से मादक पदार्थों की खरीद करना स्वीकार किया है। एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव ने बताया कि आरोपियों से एक स्कूटी, तीन मोबाइल फोन और 2500 रुपये भी बरामद हुए हैं। पूछताछ में तीनों ने पुलिस को बताया कि वे करीब एक वर्ष से तस्करी का काम कर रहे थे। कश्मीरी गेट दिल्ली बस अड्डे के पास से एक महिला से मादक पदार्थ लेते थे और उन्हें गाजियाबाद व उसके आसपास छोटे सप्लायरों को पहुंचाते थे। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि गिरोह का सरगना गुलजार त्यागी है। उसके खिलाफ हत्या का प्रयास, चोरी, अवैध असलहा और मादक पदार्थ तस्करी के अलग-अलग थानों में 12 मामले दर्ज हैं। आमिर खान के खिलाफ दो और साहिल पर एक मामला दर्ज है।

## भारत सिटी के बकाया बिजली बिल पर राहत की मांग

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 23 मार्च।** टीलामोड़ स्थित भारत सिटी सोसायटी में लंबित बकाया बिजली बिल के मुद्दे पर भारत सिटी सोसायटी फेज वन के एओए अध्यक्ष जय प्रकाश ठाकुर ने ऊर्जा मंत्री अरविंद शर्मा से मुलाकात की। इस दौरान एओए अध्यक्ष व अन्य लोगों ने बकाया राशि में छूट देने और बिना सरचार्ज के मासिक किश्तों में जमा कराने की मांग रखी। इस दौरान सोसायटी के लोग ऊर्जा राज्य मंत्री सोमेंद्र तोमर से भी मुलाकात की गई। एओए अध्यक्ष ने बताया कि ऊर्जा मंत्री ने बकाया राशि पूरी तरह जमा होते ही भारत सिटी के फेज एक और दो के लिए अलग-अलग बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराने की प्रक्रिया तेज कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद एओए सदस्य व अन्य लोगों ने सीवर लाइन कनेक्शन के लंबित कार्यों को तेज करने के लिए भी ऊर्जा मंत्री को ज्ञापन सौंपा।

## तुलसी निकेतन कॉलोनी में स्ट्रीट लाइट खराब, सड़कों पर छाया अंधेरा

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 23 मार्च।** टीलामोड़ स्थित तुलसी निकेतन कॉलोनी में करीब एक सप्ताह से स्ट्रीट लाइट खराब हैं। इसकी वजह से गलियों में अंधेरा छाया हुआ है। यह कॉलोनी जीडीए के तहत आती है। लोगों का कहना है कि इसके बाद भी अधिकारी समस्या का समाधान जल्द नहीं कर पाते हैं। अंधेरे के कारण स्थानीय लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और हादसों का खतरा भी लगातार बढ़ता जा रहा है। कॉलोनी निवासी राजेश ने बताया कि रात होते ही गलियों में अंधेरा छा जाता है। इससे पैदल चलने वाले लोगों, खासकर महिलाओं और बुजुर्गों को काफी दिक्कत होती है।

# संकट के इस दौर में भारत समाधान का हिस्सा बन रहा है : नकवी

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 मार्च।**



अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी संघर्ष से उत्पन्न वैश्विक संकट पर भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि इस वक्त वैश्विक संकट है। इस दौर में भारत जिस समझदारी, संवेदनशीलता, समन्वय और संवाद के साथ समाधान का हिस्सा बन रहा है, यह काफी महत्वपूर्ण है। इस संकट में लोगों को कम से कम समस्या हो या बिल्कुल समस्या न हो, इसके लिए सरकार मजबूती के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सियासी व्यवधान का किस्सा किसी को गढ़ने की जरूरत नहीं है। उन्होंने पाकिस्तान को लेकर कहा कि आटे की कंगाली में पाकिस्तान आतंकवाद का मवाली बना हुआ है। अभी हाल ही में पाकिस्तान की धुनाई हुई है, धुलाई हुई है और पिटाई हुई है। पाकिस्तान चारों खाने चित हुआ है। पाकिस्तान का अभी जख्म ताजा है। ऐसे में पाकिस्तान की स्थिति क्या है? उन्होंने कहा कि आतंकवाद जिस देश की संपदा बन गई हो, आतंकवादी जिसकी राष्ट्रीय संपत्ति बने हों, ऐसे में पाकिस्तान के हुक्मरानों को अच्छी तरह से समझना चाहिए कि अभी जो उनको सबक मिला है, इसके बाद भी और धुनाई चाहते हैं तो उनको ऊपरवाला ही बचाए।

बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर ओवैसी पर निशाना साधते हुए मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि इनका रिश्ता हुमायूं और बाबर के साथ ही होगा। उन्होंने कहा कि यह एक कम्युनल और एक क्रिमिनल की जोड़ी है। इस चुनाव में कम्युनल और क्रिमिनल की जोड़ी चारों खाने चित होगी। ये उनको भी मालूम है।

चुनाव में इस तरह की कम्युनल क्रिमिनल चकल्लस होती रहती है। पीएम मोदी के सबसे लंबे समय तक सरकार के प्रमुख बनने के रिकॉर्ड पर उन्होंने कहा कि जो तूफानों में बढ़ते जा रहे हैं, वही दुनिया बदलते जा रहे हैं।

पीएम मोदी के सुशासन का समावेशी सफर है, वो कोई सामान्य परिस्थितियों में नहीं है। चाहे भुज का भूकंप रहा हो, चाहे कोरोना कहर रहा हो, चाहे आतंकी आफत रही हो और चाहे युद्ध की विभीषिका रही हो। इन तमाम संकटों से बचाते हुए और देश की धमक को धारदार करते हुए आगे बढ़े हैं।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# शहीदों के दिखाए मार्ग पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि है : बृज लाल बहबलपुरिया

## शहीदी दिवस पर महान शहीदों को श्रद्धांजलि, बृज लाल बहबलपुरिया ने किया संबोधित

» **राजेश सलूजा**



हरियाणा, यूटर्न/ 23 मार्च। जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण), हिसार द्वारा शहीदी दिवस के पावन अवसर पर आज एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) श्री बृज लाल बहबलपुरिया के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी राजगुरु मार्किट, हिसार पहुंचे, जहां उन्होंने महान स्वतंत्रता सेनानी शहीद भगत सिंह, शहीद राजगुरु एवं शहीद सुखदेव जी की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान पूरे वातावरण में देशभक्ति का भाव देखने को मिला और उपस्थित सभी साथियों ने शहीदों के बलिदान को याद करते हुए उन्हें नमन किया। इस अवसर पर दो मिनट का मौन रखकर शहीदों की पावन स्मृति को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) श्री बृज लाल बहबलपुरिया ने अपने संबोधन में कहा कि शहीदों का बलिदान केवल इतिहास का एक अध्याय नहीं, बल्कि हमारे राष्ट्र की आत्मा है। शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव ने जिस साहस, त्याग और देशभक्ति का परिचय दिया, वह आज भी हर देशवासी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर समाज में न्याय, समानता और भाईचारे को मजबूत करना चाहिए।

उन्होंने कांग्रेस पार्टी का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी का इतिहास देश की आजादी के आंदोलन से जुड़ा हुआ है और यह पार्टी हमेशा से शहीदों के सपनों को साकार करने के लिए कार्य करती रही है। कांग्रेस ने देश में लोकतंत्र को मजबूत करने, संविधान की रक्षा करने और कमजोर वर्गों के अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष किया है। आज भी कांग्रेस पार्टी आम जनता की आवाज बनकर उनके हक और अधिकारों के लिए लड़ रही है। उन्होंने आगे कहा कि आज के समय में हमें शहीदों के आदर्शों को याद करते हुए देशहित को सर्वोपरि रखना होगा और युवाओं को भी इन महान क्रांतिकारियों के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

कार्यक्रम में उपस्थित एआईसीसी सदस्य राजेश संदलाना , पूर्व बरवाला प्रत्याशी भूपेंद्र सिंह गंगवा, वरिष्ठ नेता अनूप सिंह सरसाना, प्रदेश अध्यक्ष किसान यूनियन दिलबाग सिंह हुड्डा, वरिष्ठ नेता हरफूल खान भट्टी, केकेसी प्रदेश उपाध्यक्ष गीता आहूजा, रिटायर्ड एम्पलाइज सैल प्रदेश उपाध्यक्ष रणधीर सिंह बामल, युवा नेता सुरेश पंघाल लाडवा, बी.के. सुरेश कुमार ,वरिष्ठ नेता सतीश भाटिया, कृष्ण कुमार हिसार, रमेश चाहर, विक्रम देवा, राजकुमार जांगड़ा, जयनारायण, राधेश्याम मास्टर, चंद्र शेखर आजाद, पूर्व अल्पसंख्यक चैयरमेन विक्टर डेविड,सहित सभी सैकड़ों साथियों ने शहीदों को नमन करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया तथा देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए कार्य करने का प्रण लिया।



# उकलाना मंडी के ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में शहीद दिवस पर भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को भावभीनी श्रद्धांजलि

**आओ झुक कर प्रणाम करें उनको, जिनके हिस्से में ये मुकाम आता है। खुशनसीब होता है वो खून, जो देश के काम आता है।**




» **हरियाणा, यूटर्न/ 23 मार्च।**

आक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल उकलाना मण्डी में भगतसिंह राजगुरु और सुखदेव को श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉक्टर सतीश भारती ने कहा 23 मार्च 1931 की रात भारत के तीन देशभक्तों ने,हंसी-हंसी मौत की सूली को गले से लगा लिया था ।उनके बलिदान,साहस और देशप्रेम की भावना आज भी हमारे भीतर है।

शहीद-ए-आजम भगत सिंह जी, शहीद राजगुरू जी , शहीद सुखदेव जी ने भारत माता के चरणों में हँसते हुए अपने जीवन को अर्पित कर दिया, शहीदी दिवस पर उन्हें हमारी भावपूर्ण श्रद्धांजलि व कोटि कोटि नमन 23 मार्च यानि,देश के लिए लड़ते हुए अपने प्राणों को हंसते-हंसते न्यौछावर करने वाले तीन वीर सपूतों का शहीद दिवस। यह दिवस न केवल देश के प्रति सम्मान और हिंदुस्तानी होने का गौरव अनुभव कराता है,बल्कि वीर सपूतों के बलिदान को भीगे मन से श्रृद्धांजलि देता है।

डॉक्टर भुवनेश भारद्वाज प्रिंसिपल ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल ने कहा कि उन अमर क्रांतिकारियों के बारे में आम मनुष्य की वैचारिक टिप्पणी का कोई अर्थ नहीं है। उनके उज्ज्वल चरित्रों को बस याद किया जा सकता है कि ऐसे मानव भी इस दुनिया में हुए हैं, जिनके आचरण किंवदंति हैं। भगतसिंह ने अपने अति संक्षिप्त जीवन में वैचारिक क्रांति की जो मशाल जलाई, उनके बाद अब किसी के लिए संभव न होगी।

# सीबीआई कोर्ट का बड़ा फैसला, रिश्वत लेते पकड़ा गया सब-इंस्पेक्टर दोषी करार, तीन साल की जेल

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 मार्च।**

दिल्ली की सीबीआई कोर्ट ने रिश्वतखोरी के एक मामले में बड़ा फैसला सुनाते हुए जगमाल सिंह देशवाल को दोषी करार दिया है। अदालत ने उसे तीन साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही 50,000 रुपए का जुमार्ना भी लगाया है। दोषी उस समय सब-इंस्पेक्टर और जोनल ऑफिसर (जेडओ) के रूप में नांगलोई ट्रैफिक सर्कल, दिल्ली ट्रैफिक पुलिस में तैनात था। मामले की जानकारी के मुताबिक, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 8 फरवरी 2022 को आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया था। आरोप था कि देशवाल ने एक शिकायतकर्ता से 24,000 रुपए की रिश्वत की मांग की थी, ताकि उसके ट्रकों को संबंधित जोन में निर्बाध रूप से आने-जाने की अनुमति दी जा सके।

# सुप्रीम कोर्ट ने पीएमके के संस्थापक एस . रामदास से कहा ,'आम' चुनाव चिह्न विवाद के लिए सिविल कोर्ट जाएं

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 मार्च।**



सुप्रीम कोर्ट ने पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) के संस्थापक डॉ एस. रामदास की याचिका पर फैसला सुनाते हुए कहा कि पार्टी के 'आम' (मैंगो) चुनाव चिह्न को लेकर विवाद सुलझाने का अधिकार चुनाव आयोग के पास नहीं है। कोर्ट ने मद्रास हाई कोर्ट के उस आदेश को सही ठहराया है, जिसमें रामदास द्वारा दायर रिट याचिकाओं को खारिज कर दिया गया था।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने स्पष्ट किया कि पीएमके जैसी गैर-पंजीकृत राजनीतिक पार्टियों के अंदरूनी विवादों, खासकर चुनाव चिह्न के आवंटन से जुड़े मामलों में चुनाव आयोग हस्तक्षेप नहीं कर सकता।

यह विवाद मुख्य रूप से रामदास के गुट और उनके बेटे डॉ. अंबुमणि रामदास के नेतृत्व वाले गुट के बीच पार्टी की कमान और 'आम' चिह्न के इस्तेमाल को लेकर है। रामदास ने चिह्न अपने गुट को आवंटित करने या इसे फ्रीज करने की मांग की थी, ताकि अंबुमणि का गुट इसका उपयोग न कर सके। सुप्रीम कोर्ट ने रामदास से कहा कि वे इस मामले में सिविल कोर्ट में मुकदमा दायर करें। कोर्ट ने निचली अदालत को निर्देश दिया है कि वह इस विवाद की सुनवाई तेजी से करे और जल्द फैसला सुनाए। हालांकि, कोर्ट ने यह भी साफ किया कि रामदास के पास कानूनी रास्ता पूरी तरह खुला है और वे सिविल कोर्ट जाकर पार्टी के नाम, झंडे और चिह्न पर अपने दावे को मजबूत कर सकते हैं।

यह पूरा मामला पीएमके के भीतर लंबे समय से चल रहे पारिवारिक और नेतृत्व विवाद से जुड़ा है। रामदास ने पार्टी की स्थापना की थी, लेकिन हाल के वर्षों में उनके बेटे अंबुमणि को अध्यक्ष बनाए जाने के बाद गुटबाजी बढ़ गई।

मद्रास हाई कोर्ट ने पहले ही कहा था कि ऐसे विवादों का निपटारा सिविल कोर्ट में होना चाहिए, न कि चुनाव आयोग या रिट याचिका के जरिए। सुप्रीम कोर्ट ने भी इसी राय से सहमति जताई है।

# लायल पुर बस्ती के भगत सिंह पार्क में शहीदी दिवस पर अर्पित किए गए श्रद्धा सुमन

## कार्यक्रम में कालोनी वासी एवं गणमान्य लोग शामिल हुए

» **अश्विनी वालिया ब्यूरो चीफ**



कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 23 मार्च। सोमवार को स्थानीय लायल पुर बस्ती के भगत सिंह पार्क में शहीदी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव सिंह के शहीदी दिवस पर लायल पुर बस्ती एवं मोहन नगर कालोनी के बड़ी संख्या में मौजूद लोगों एवं गणमान्य नागरिकों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। लोगों ने श्रद्धा भाव से श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस मौके पर पूर्व पार्षद राधे श्याम वधवा एडवोकेट, सरदार दर्शन सिंह, गौरव सिंधु, अशोक वधवा, कृष्ण गुरानी, सुनील कुमार साहित कई लोग शामिल हुए। पूर्व पार्षद राधे श्याम वधवा ने कहा कि इन शहीदों की बदौलत ही आज हम स्वतंत्र देश में सब खुली हवा में सांस ले रहे हैं।

# कानपुर में प्रयागराज के दो युवाओं को साथ ले गई रफ्तार बनी मौत, दो अस्पताल में गंभीर

» **सुनील बाजपेई**

कानपुर, यूटर्न/ 23 मार्च। तेज रफ्तार से वाहन चलाने की आदत लोगों को असमय ही मौत के मुंह में समा जाने को मजबूर कर रही है ।ऐसी ही एक घटना मेंरफ्तार बनी मौत प्रयागराज के दो युवकों को अपने साथ ले गई। जबकि दो की हालत अस्पताल में गंभीर बनी हुई है ।यह घटना अकबरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कानपुर इटावा हाईवे पर कुंभी दूध फैक्टरी के पास बीती देर रात हुई। इसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवा यातायात बहाल कराया। घटना के बारे में प्राप्त विवरण के अनुसार कानपुर से औरैया जा रही कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर दूसरी लेन में पहुंच गई। इसी दौरान औरैया से कानपुर की ओर आ रही कार से उसकी आमने-सामने टक्कर हो गई। पुलिस के मुताबिक टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। साथ ही उसमें बैठे लोग गंभीर रूप से घायल भी हो गए।

मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया कि इस हादसे में औरैया की ओर जा रही कार में सवार श्रेष्ठ केसरवानी पुत्र रमेश चंद्र केसरवानी निवासी प्रीतम नगर, थाना धूमनगंज, प्रयागराज, गौरव पुत्र पप्पू शर्मा निवासी चौक प्रयागराज, हिमांशु केसरवानी पुत्र मुन्ना केसरवानी निवासी धूमनगंज प्रयागराज और रवि पुत्र लखन लाल शर्मा निवासी चौक प्रयागराज गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसके बाद 108 एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया गया , जहां डॉक्टरों ने हिमांशु केसरवानी और रवि को मृत घोषित कर दिया।

# मां स्कंदमाता ज्ञान, प्रेम और ममता की देवी हैं : बजरंग गर्ग

## मां स्कंदमाता को भगवान कार्तिकेय की माता माना जाता है : बजरंग गर्ग

» **हरियाणा, यूटर्न/ 23 मार्च।**



श्री प्रयाग गिरी शिवालय ट्रस्ट में चैत्र नवरात्रि पर पांचवें दिन माता माँ की पूजा-अर्चना व प्रसाद शिवालय मंदिर के प्रधान बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। जिसमें भारी संख्या में भक्तों ने पूजा-अर्चना की। संस्था के प्रधान बजरंग गर्ग ने संबोधित करते हुए कहा कि मां दुर्गा के रूप स्कंदमाता वात्सत्य, ज्ञान और वीरता की देवी है। मां स्कंदमाता ज्ञान, प्रेम और ममता की देवी हैं। मां स्कंदमाता यह दिन हमें निस्वार्थ प्रेम और अपने भीतर के ज्ञान को जागृत करने की प्रेरणा देता है। मां स्कंदमाता को भगवान कार्तिकेय की माता माना जाता है। स्कंदमाता अपने भक्तों को सुख-समृद्धि और ज्ञान का वरदान देती हैं। मां स्कंदमाता का रूप अत्यंत ममतामयी और करुणामय है। वे कमल के आसन पर विराजमान हैं, इसलिए उन्हें 'पद्मासना देवी' भी कहा जाता है। उनकी चार भुजाएं हैं। बजरंग गर्ग ने कहा कि स्कंदमाता हमें सिखाती हैं कि ज्ञान और प्रेम का संतुलन जीवन में अत्यंत आवश्यक है। जैसे वे अपने पुत्र की रक्षा करती हैं, वैसे ही वे अपने भक्तों की विपत्तियों से रक्षा करती हैं। हम सबको आज के दिन हम अपने भीतर के अहंकार को मिटाकर, मां की भक्ति में लीन हों और निस्वार्थ प्रेम का संकल्प लें। इस अवसर पर सतपाल असीजा, भारत सोनी,श्रीमती उषा गर्ग, अनीता गर्ग, अंगूरी देवी, मीनाक्षी कक्कड़, मनीषा असीजा, मोनिका गांधी, शिमला खटक, ममता रानी, निरूबाला, ज्योति रानी, ललिता शर्मा, चित्र कक्कड़, वीणा सैनी, सुदेश रानी, सोनिया शर्मा, सुनीता वर्मा, संतोष कुकरेजा, नारायण दास बंसल, सुरेंद्र सिंगला, ओम प्रकाश असीजा, जगत नारायण, रमेश पटवारी, शिव कुमार, मनीष चावला, दीपक कुमार, सुनील शर्मा, हंस थरेजा आदि भक्तजन भारी संख्या में मौजूद रहे।



# नमो भारत कनेक्ट ऐप बना यात्रियों की पहली पसंद, 3.5 लाख यूजर्स का आंकड़ा पार

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 23 मार्च।**

नमो भारत कनेक्ट मोबाइल ऐप तेजी से यात्रियों के बीच लोकप्रिय हो रहा है। आधुनिक और डिजिटल सुविधाओं से लैस यह ऐप यात्रियों को सुगम, सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा अनुभव प्रदान कर रहा है। इस ऐप के उपयोगकर्ताओं की संख्या भी लगातार बढ़ रही है और अब यह आंकड़ा साढ़े तीन लाख को पार कर चुका है। फरवरी 2026 तक 3 लाख 61 हजार से अधिक यात्री इस ऐप का उपयोग कर रहे हैं। नमो भारत कनेक्ट ऐप के जरिए यात्री बिना टिकट काउंटर पर लाइन लगाए आसानी से डिजिटल क्यूआर टिकट खरीद सकते हैं। पिछले तीन महीनों में इस ऐप के माध्यम से 6 लाख 70 हजार से अधिक टिकटों की बिक्री हुई है, जबकि फरवरी 2026 तक कुल 24 लाख 70 हजार से ज्यादा डिजिटल टिकट खरीदे जा चुके हैं। ये आंकड़े दर्शाते हैं कि यात्री तेजी से डिजिटल माध्यमों को अपना रहे हैं। इस ऐप में केवल टिकटिंग ही नहीं, बल्कि कई उन्नत सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं। इनमें रियल-टाइम ट्रेन ट्रैकिंग, लाइव पार्किंग स्टेटस, खोया-पाया सुविधा, शिकायत निवारण प्रणाली, महिला सुरक्षा सहायता, हेल्पलाइन और दिव्यांगजनों के लिए विशेष सहायता शामिल हैं।

# एनसीआर में मौसम ने ली करवट

## हल्की बारिश के साथ पूरे सप्ताह छाए रहेंगे बादल

» **नोएडा, यूटर्न/ 23 मार्च।**



राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में मौसम ने एक बार फिर करवट ले ली है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार आज यानी 23 मार्च को एनसीआर के कई इलाकों में हल्की बारिश या बूंदाबांदी देखने को मिल सकती है।

इसके साथ ही पूरे सप्ताह आसमान में बादल छाए रहने की संभावना जताई गई है, जिससे तापमान में उतार-चढ़ाव जारी रहेगा और न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग के मुताबिक, पश्चिमी विक्षोभ का असर साफ तौर पर मैदानी इलाकों में देखने को मिल रहा है। यही वजह है कि 23 मार्च को अधिकतम तापमान लगभग 30 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

मौसम विभाग के मुताबिक 'आम तौर पर बादल छाए रहने और हल्की बारिश या बूंदाबांदी' वाला रहेगा। आने वाले दिनों की बात करें तो 24 मार्च को तापमान 31/15 डिग्री, 25 मार्च को 32/15 डिग्री, 26 मार्च को 33/17 डिग्री, 27 मार्च को 33/17 डिग्री और 28 मार्च को 33/17 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है।


इन सभी दिनों में मौसम 'आंशिक रूप से बादल छाए रहने' वाला रहेगा और किसी प्रकार की चेतावनी जारी नहीं की गई है। इससे साफ है कि लोगों को तेज गर्मी से फिलहाल राहत मिलेगी। वहीं, वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में भी सुधार देखने को मिला है। दिल्ली के विभिन्न इलाकों जैसे आनंद विहार (एक्यूआई 196), चांदनी चौक (181), बवाना (146) और अलीपुर (119) में एक्यूआई 'मध्यम' यानी येलो जोन में पहुंच गया है। इसी तरह नोएडा के सेक्टर-62 में एक्यूआई 138, सेक्टर-125 में 113 और गाजियाबाद के लोनी में 190 तथा इंदिरापुरम में 132 दर्ज किया गया है।

विशेषज्ञों का मानना है कि बारिश और बादलों की वजह से प्रदूषण के स्तर में कमी आई है, जिससे लोगों को राहत की सांस मिल रही है। मौसम के इस बदलाव ने जहां एक ओर गर्मी से राहत दी है, वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य के लिहाज से भी यह स्थिति फिलहाल अनुकूल बनी हुई है।

मौसम विभाग के मुताबिक आने वाला सप्ताह एनसीआर के लिए सुहावना रहने वाला है, जिसमें हल्की ठंडक, बादल और कभी-कभार बूंदाबांदी लोगों को गर्मी से राहत दिलाती रहेगी।

# प्रदूषण के कारण 800 मीटर की ऊंचाई तक फैलता है घना कोहराः आईआईटी रिसर्च

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 मार्च।** सर्दियों के दौरान उत्तर भारत के एक बड़े हिस्से में घना कोहरा छा जाता है। इस कोहरे पर अब आईआईटी मद्रास ने एक महत्वपूर्ण रिसर्च की।




रिसर्च के मुताबिक यह कोहरा केवल ठंड या जलवायु परिवर्तन ही नहीं, प्रदूषण की वजह से भी ज्यादा बनता है। यह घना कोहरा कई बार इतना अधिक होता है कि सूरज की रोशनी को जमीन तक भी नहीं पहुंचने देता। यही वजह है कि दिल्ली जैसे शहर कई बार पूरा दिन धुंधले रहते हैं। इससे फ्लाइट्स लेट हो जाती हैं, ट्रेनें रद्द हो जाती हैं या धीमी चलती हैं और सड़कों पर वाहनों का चलना भी मुश्किल हो जाता है।

आईआईटी मद्रास के वैज्ञानिकों ने यह जानकारी दी है कि उत्तर भारत में सर्दियों के दौरान बनने वाला घना कोहरा केवल ठंड या जलवायु परिवर्तन की वजह से नहीं, बल्कि प्रदूषण की वजह से भी ज्यादा बनता है और यह काफी लंबे समय तक बना रहता है। दरअसल, सर्दियों की रातों में जब हवा बहुत धीमी या लगभग शांत होती है, तब गाड़ियों, फैक्ट्रियों और धूल से निकलने वाले सूक्ष्म प्रदूषक कण जमीन के पास ही जमा हो जाते हैं। जैसे ही तापमान गिरता है, हवा में मौजूद नमी इन कणों से चिपक जाती है और बहुत छोटी-छोटी पानी की बूंदों में बदल जाती है। इन बूंदों की संख्या इतनी अधिक होती है कि वे रोशनी को रोक देती हैं और घना कोहरा बन जाता है, जिससे सामने कुछ भी साफ दिखाई नहीं देता। इन बूंदों के बनने के दौरान एक तरह की छिपी हुई गर्मी निकलती है, जिसे गुप्त ऊष्मा कहा जाता है। यही गर्मी कोहरे को ऊपर की ओर फैलने में मदद करती है, जिससे यह 600 से 800 मीटर तक ऊंचा फैल सकता है। सुबह के समय यह घना कोहरा एक परत की तरह काम करता है और कई बार सूरज की रोशनी को जमीन तक पहुंचने नहीं देता। जब धूप नहीं पहुंचती, तो जमीन गर्म नहीं हो पाती और कोहरा भी जल्दी खत्म नहीं होता। यही वजह है कि कई बार पूरा दिन धुंधला बना रहता है। इससे जन जीवन काफी प्रभावित होता है। पारिवारिक व्यवस्था ठप हो जाती है। शोधकर्ताओं के मुताबिक अगर कोहरा एक दिन ज्यादा समय तक बना रहता है, तो अगली रात भी जमीन ठंडी रहती है और फिर से कोहरा बनने की स्थिति बन जाती है। इस तरह एक चक्र बन जाता है, जिसमें प्रदूषण और कोहरा एक-दूसरे को बढ़ाते रहते हैं।

# संक्षिप्त खबरें

## कमरे में फंदे से लटका मिला युवती का शव

**लोनी, यूटर्न/ 23 मार्च।** कृष्णा विहार कॉलोनी स्थित घर के अंदर कमरे में रविवार सुबह युवती का शव फंदे से लटका मिला। परिजन जब कमरे में पहुंचे तो घटना का पता चला। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची। एसीपी अंकुर विहार ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि शव कृष्णा विहार कॉलोनी निवासी रामपाल की बेटी ऋतु (24) का था। रामपाल के बेटे सचिन ने सबसे पहले बहन का शव देखकर शोर मचाया था। इसके बाद परिजनों को पता चला था। परिजन युवती को फंदे से उतारकर जीटीबी अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि परिजनों की तरफ से कोई तहरीर नहीं दी गई है। शिकायत मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## युवती के अपहरण का प्रयास, शोर सुनकर लोगों ने पकड़ा

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 23 मार्च।** थानाक्षेत्र में एक युवती के अपहरण के प्रयास का मामला सामने आया है। युवती ई-रिक्शा से घर जा रही थी लेकिन रिक्शा चालक गलत रास्ते पर ले जाने लगा। पीड़िता की चीख सुनकर राहगीरों ने उसे रोका और पुलिस को बुलाया। इसके बाद पुलिस ने युवती को सुरक्षित घर पहुंचाकर रिक्शा चालक कनावनी निवासी राजू को हिरासत में लिया है। तिगरी गोल चक्कर क्षेत्र की रहने वाली युवती नोएडा स्थित आईटी कंपनी में नौकरी करती है। 21 मार्च की रात करीब दस बजे वह छिजारसी कट से ई-रिक्शा में बैठी थी। रास्ते में ई-रिक्शा चालक गलत रास्ते पर ले जाने लगा।

## एटीएस की लिस्ट में शामिल समसू खान से जुड़े मीरा के तार

**कौशांबी, यूटर्न/ 23 मार्च।** देश की जासूसी के आरोप में गिरफ्तार मथुरा निवासी मीरा ठाकुर के तार देश के बड़े अवैध हथियार तस्करों से जुड़ते नजर आ रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, जांच में सामने आया है कि उसका सीधा संबंध एटीएस की सूची में शामिल कुख्यात तस्कर समसू खान उर्फ रेहान से था। इस खुलासे के बाद एटीएस व अन्य एजेंसियों की जांच का दायरा और बढ़ा दिया गया है। रविवार को पुलिस ने मीरा ठाकुर को जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया। जांच में यह भी सामने आया कि वह देश में अवैध हथियारों और नकली नोटों की तस्करी करने वाले गिरोह से जुड़ी थी। सूत्रों के मुताबिक, वह एक ऑनलाइन ग्रुप के जरिये हथियारों की सप्लाई का नेटवर्क संचालित कर रही थी।

# जिन्ना को पाठ्यक्रम से हटाने पर प्रियंका चतुर्वेदी बोलीं, इतिहास में नायक के साथ खलनायक को जानना भी जरूरी



» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 मार्च।**

जम्मू विश्वविद्यालय समिति द्वारा पाठ्यक्रम से जिन्ना को हटाने की सिफारिश पर शिवसेना (यूबीटी) की नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सोमवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में कहा कि इस बात को बिल्कुल भी खारिज नहीं किया जा सकता है कि अगर इतिहास में नायक होते हैं, तो खलनायक भी होते हैं। ऐसी स्थिति में अगर समाज को नायक के बारे में जानना है, तो निसंदेह खलनायक के बारे में भी पता होना चाहिए। शिवसेना (यूबीटी) की नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने मोहम्मद अली जिन्ना का जिक्र करके उन्हें देश के विभाजन का जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि सबसे पहले अगर किसी ने देश की आजादी के बाद विभाजन का मुद्दा उठाया था, तो वो मोहम्मद अली जिन्ना थे। उन्होंने ही सबसे पहले ईस्ट और वेस्ट पाकिस्तान की मांग उठाई थी।

उन्होंने कहा कि अगर हम पाठ्यक्रम से मोहम्मद अली जिन्ना को हटा देंगे, तो हमारी आने वाली पीढ़ी को उनके बारे में कैसे पता चल पाएगा। हमारी आने वाली पीढ़ी को यह कैसे पता चल पाएगा कि पाकिस्तान में कैसे आया? आखिर इस सीमा रेखा का निर्धारण कैसे हुआ है? आज आखिर पाकिस्तान के साथ हमारे रिश्ते कैसे बने हुए हैं? अगर हम इन मुद्दों को पाठ्यक्रम से बाहर कर देंगे, तो हमारी आने वाली पीढ़ियों को इस बारे में कैसे पता चल पाएगा। उन्होंने कहा कि अगर हम मोहम्मद अली जिन्ना के विषय को अपने पाठ्यक्रम से बाहर कर देंगे, तो हमारी आने वाली पीढ़ियां भी सोचेंगी कि आखिर हम पाकिस्तान से क्यों युद्ध लड़ रहे हैं?

# टेस्ट ड्राइव के बहाने एमबीए का छात्र शोरूम से चुराता था महंगी बाइक, पुलिस ने किया गिरफ्तार



» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 मार्च।**

जिला पुलिस उपायुक्त शशांक जयसवाल ने बताया कि 19 मार्च को विजय विहार थाने में एक बाइक चोरी की शिकायत मिली। जिसमें विजय विहार स्थित रॉयल एनफील्ड शोरूम के सेल्सपर्सन दीपक खन्ना ने बताया कि एक युवक टेस्ट ड्राइव के बहाने बाइक लेकर गया और वापस नहीं लौटा।

रोहिणी जिले की विजय विहार थाना पुलिस ने शोरूम से टेस्ट ड्राइव के बहाने महंगी बाइक चुराने वाले एमबीए के छात्र को भलस्वा से गिरफ्तार किया है। शोरूम से लगातार मिल रही चोरी की शिकायतों पर पुलिस ने टेस्ट ड्राइव वाली बाइक में जीपीएस ट्रैकर लगाने की सलाह दी। इसके जरिये ही आरोपी को दबोचा गया और उसके पास से पुलिस ने छह महंगी मोटरसाइकिल बरामद की।

जिला पुलिस उपायुक्त शशांक जयसवाल ने बताया कि 19 मार्च को विजय विहार थाने में एक बाइक चोरी की शिकायत मिली। जिसमें विजय विहार स्थित रॉयल एनफील्ड शोरूम के सेल्सपर्सन दीपक खन्ना ने बताया कि एक युवक टेस्ट ड्राइव के बहाने बाइक लेकर गया और वापस नहीं लौटा। शिकायत पर पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर लिया।

थाना प्रभारी मनोहर लाल के नेतृत्व में टीम को जांच के दौरान पता चला कि बाइक में जीपीएस ट्रैकर लगा है जिसकी जांच में पता चला कि बाइक भलस्वा डेयरी इलाके में मौजूद है। तकनीकी निगरानी और गुप्त सूचना पर पुलिस ने आरोपी पुनीत सतीजा को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों से बाइक चोरी की वारदातों में शामिल होने की बात कबूल की। उसकी निशानदेही पर बुराड़ी इलाके से पांच और महंगी बाइक बरामद कर ली गई।

### कारोबार में नुकसान होने पर करने लगा वाहनों की चोरी

पुलिस उपायुक्त ने बताया कि 29 साल का पुनीत सतीजा मूलतः हरियाणा के रेवाड़ी का रहने वाला है। वह एमबीए की पढ़ाई कर रहा है। बीबीए में पढ़ाई करने के दौरान वह एक रॉयल एनफील्ड शोरूम में सेल्समैन की छह माह की इंटर्नशिप भी की थी। उसके पिता का रेवाड़ी में कार एक्सेसरीज का कारोबार था। उसने उस कारोबार को नए सिरे से शुरू किया लेकिन करीब 25 लाख रुपये का नुकसान हुआ जिससे वह आर्थिक तंगी में आ गया। दिहाड़ी मजदूरी करने लगा। इस बीच नकली पहचान पत्र के जरिये शोरूम में जाकर बाइक खरीदने की बात कहता था और फिर टेस्ट ड्राइव के बहाने उसे लेकर भाग जाता था। जांच में पता चला कि वह चोरी की बाइक को 60 हजार से एक लाख रुपये में बेच देता था। पुलिस अधिकारी के मुताबिक 13 दिसंबर 2025 में उसने पहली बार बाइक चोरी की उसके बाद से वह दिल्ली और गुरुग्राम से नौ बाइक को चुरा चुका है।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# मिडिल ईस्ट तनाव का असर: सेंसेक्स 1,836 अंक टूटा, निवेशकों को भारी नुकसान

» मुंबई, यूटर्न/ 23 मार्च।



पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्षों के कारण हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को भारतीय शेयर बाजार एक बार फिर बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ। अमेरिका-ईरान संघर्ष के तेज होने से घरेलू बाजार के प्रमुख बेंचमार्क निफ्टी50 और सेंसेक्स में 2 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई। इससे पहले बीते 19 मार्च को भी बाजार में बड़ी गिरावट दर्ज की गई थी।

बाजार बंद होने के समय 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 2.46 प्रतिशत या 1,836.57 अंक गिरकर 72,696.39 पर था, तो वहीं एनएसई निफ्टी 2.60 प्रतिशत यानी 601.85 अंकों की गिरावट के साथ 22,512.65 पर था।

अमेरिकी-ईरान युद्ध के चौथे सप्ताह में प्रवेश करने के कारण महंगाई की आशंका ने वैश्विक बाजारों को हिलाकर रख दिया, जिसके चलते सोमवार को भारतीय शेयर बाजार में भारी बिकवाली देखने को मिली और बाजार लगभग 2.5 प्रतिशत गिर गया।

इंट्रा-डे कारोबार में सेंसेक्स 73,732.58 पर खुलकर एक समय 1974.5 अंक यानी 2.64 प्रतिशत गिरकर 72,558.44 के दिन के निचले स्तर पर पहुंच गया, तो वहीं निफ्टी50 22,824.35 पर खुलकर एक समय 643 अंक या 2.75 प्रतिशत गिरकर 22,471.25 पर आ गया।

निफ्टी इंडिया अस्थिरता सूचकांक (इंडिया वीआईएक्स) सोमवार के सत्र में 19.11 प्रतिशत बढ़कर 27.17 पर पहुंच गया है। यह कारोबार के अंत में 17.17 प्रतिशत की बढ़त के साथ 26.73 पर बंद हुआ।

व्यापक बाजारों में बेंचमार्क सूचकांकों से ज्यादा गिरावट दर्ज की गई। निफ्टी मिडकैप में जहां 3.90 प्रतिशत की गिरावट आई, तो वहीं निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स में 3.94 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। सेक्टरवार देखें तो निफ्टी कंस्ट्रक्शन ड्यूरेबल में 5 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई और यह सबसे अधिक नुकसान झेलने वाला सेक्टर बन गया। निफ्टी रियल्टी (4.74 प्रतिशत की गिरावट) और निफ्टी मेटल (4.97 प्रतिशत की गिरावट) सेक्टरों का प्रदर्शन भी काफी खराब रहा।

इसके अलावा, निफ्टी बैंक में 3.72 प्रतिशत, निफ्टी ऑटो में 3.16 प्रतिशत, निफ्टी एफएमसीजी में 2.49 प्रतिशत तो निफ्टी आईटी में सबसे कम 0.18 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।


सेंसेक्स में आई इस गिरावट से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों के कुल बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में करीब 14 लाख करोड़ रुपए की गिरावट आई, जिससे यह पहले (शुक्रवार) के 428.76 लाख करोड़ रुपए से गिरकर 415.11 लाख करोड़ रुपए हो गया।

मार्केट एक्सपर्ट सुनील शाह ने आईएएनएस से बातचीत में कहा कि नए हफ्ते का पहला दिन निवेशकों के लिए काफी खराब रहा और सेंसेक्स में 1,800 अंकों से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई।

## भारत की स्टार्टअप डीपग्रिड सेमी करेगी एआई चिप्स में निवेश, जुटाएगी 25 करोड़

वेंचर कैपिटलिस्ट और एंजल इन्वेस्टर के साथ चल रही बातचीत

» मुंबई, यूटर्न/ 23 मार्च।



तेलंगाना के टी-हब द्वारा समर्थित सेमीकंडक्टर स्टार्टअप डीपग्रिड सेमी अपने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) संचालित सिस्टम आन चिप (एसओसी) समाधानों के लिए 25 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है। ये एसओसी समाधान एडवांस ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम (एडीएएस) के लिए विकसित किए जा रहे हैं। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार तकनीकी जानकारी हासिल कर ली गई है और इसे फिलहाल एफपीजीए (फील्ड-प्रोग्रामेबल गेट एरे) पर लागू किया जा रहा है। जहां एक चिपसेट की कीमत लगभग 35,000 रुपये है। अगर हम इसकी कीमत 3,000 रुपये तक लाना चाहते हैं तब हमें टेप-आउट की जरूरत है जिसकी लागत लगभग 30 लाख डॉलर आएगी। तेलंगाना सरकार के टी-हब द्वारा समर्थित इस स्टार्टअप का लक्ष्य अगले 10 महीनों में इन एसओसी चिपसेट का टेप-आउट पूरा करना है। यह इस बात पर निर्भर करेगा कि वेंचर कैपिटलिस्ट और एंजल इन्वेस्टर के साथ उनकी बातचीत कैसी रहती है। निवेशकों को आकर्षित करने के लिए डीपग्रिड सेमी एफपीजीए के कई यूज केस पर जोर दे रही है ताकि उत्पाद बाजार में इसे दिखाया जा सके। एफपीजीए असल में एक सेमीकंडक्टर इंटीग्रेटेड सर्किट (आईसी) है जो उपयोगकर्ताओं को मैन्युफैक्चरिंग के बाद लॉजिक ब्लॉकों और इंटरकनेक्ट्स को कॉन्फिगर और इसकी दोबारा प्रोग्रामिंग करने की सुविधा देता है। ये आईसी फील्ड ट्रायल के आधार पर जल्दी अपडेट हो सकते हैं।

## आईईए प्रमुख ने पश्चिम एशिया में तनाव से वैश्विक अर्थव्यवस्था को बताया खतरा

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 मार्च।




ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच जारी हमलों का असर अब दुनिया के अन्य देशों पर तेजी से देखने को मिल रहा है। दुनिया के तमाम देश ईरान से तुरंत हमले रोकने और होर्मुज स्ट्रेट पूरी तरह से खोलने की अपील कर रहे हैं। ताजा हालातों के बीच इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी (आईईए) के चीफ फतिह बिरोल ने चेतावनी दी है कि मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव का असर ऊर्जा संसाधनों पर पड़ रहा है, जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था को बड़ा खतरा है। आईईए चीफ ने कहा कि पश्चिम एशिया के मौजूदा हालात से दुनियाभर की अर्थव्यवस्था को गंभीर खतरा है। ऑस्ट्रेलिया में कार्यक्रम के दौरान आईईए चीफ बिरोल ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था आज एक बहुत बड़े खतरे का सामना कर रही है और मुझे पूरी उम्मीद है कि यह मामला जल्द से जल्द हल हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि इसका असर कुछ देशों की अर्थव्यवस्था तक ही सीमित नहीं रहेगा। कोई भी देश इस संकट के असर से बचा नहीं रहेगा। बता दें, अमेरिका-इजरायल और ईरान की इस लड़ाई ने ग्लोबल तेल मार्केट के इतिहास में सबसे बड़ी सप्लाई में रुकावट पैदा कर दी है। ईरान की तरफ से जारी कार्रवाई की वजह से होर्मुज स्ट्रेट से शिपिंग बहुत कम हो गई है।

बता दें, होर्मुज स्ट्रेट विश्व व्यापार के लिए एक अहम रास्ता है। आम तौर पर दुनिया भर में तेल की खपत का लगभग 20 फीसदी हिस्सा होर्मुज स्ट्रेट से ही जा रहा है। हर दिन लगभग 20 मिलियन बैरल कच्चा तेल और तेल प्रोडक्ट स्ट्रेट से गुजरते हैं।

इस बीच, ईरान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट ब्लॉक नहीं है और पानी के रास्ते में नेविगेशन जारी है। युद्ध के हालात की वजह से जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। मंत्रालय ने कहा कि ईरान ने हमेशा नेविगेशन की आजादी और समुद्री सुरक्षा का सम्मान किया है और सालों से इन उसूलों को बनाए रखने के लिए काम किया है। पिछले हफ्ते, आईईए ने सरकारों, बिजनेस और घरों के लिए डिमांड-साइड एक्शन की एक रेंज तय की।

## आईक्यू झेड11 और आईक्यू झेड11एक्स को 26 को होंगे लांच

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 मार्च।** स्मार्टफोन निर्माता आईक्यू द्वारा स्मार्टफोन आईक्यू झेड11 और आईक्यू झेड11एक्स को 26 मार्च को पेश किया जाएगा। कंपनी के मुताबिक आईक्यू झेड11 इस ब्रांड का अब तक का सबसे बड़ी बैटरी वाला स्मार्टफोन होगा। इसमें 9,020एमएएच की पावरफुल बैटरी दी जाएगी, जो लंबे समय तक इस्तेमाल का अनुभव देगी। इसके साथ ही यह आईक्यू का पहला 165 एचझेड आई-प्रोटेक्शन गेमिंग डिस्प्ले लेकर आएगा, जो स्मूद विजुअल्स के साथ आंखों की सुरक्षा का भी ध्यान रखेगा। रिपोर्ट्स के अनुसार, इसमें 6.83 इंच का ओलेड 1.5के डिस्प्ले, डायमेंसिटी 8500 चिपसेट, 16जीबी तक रैम और 512जीबी स्टोरेज मिल सकता है। यह फोन एंड्रायड 16 आधारित ओरिजिन ओएस 6 पर काम करेगा और 90वॉट फास्ट चार्जिंग को सपोर्ट करेगा। वहीं, आईक्यू झेड11एक्स इस सीरीज का किफायती विकल्प होगा। इसमें 6.76 इंच की एलसीडी स्क्रीन, डायमेंसिटी 7400 प्रोसेसर और 7,200एमएएच की बैटरी के साथ 44वॉट फास्ट चार्जिंग दी जाएगी। यह डिवाइस भी बेहतर परफॉर्मेंस और लंबी बैटरी लाइफ के साथ आएगा।

कैमरा सेटअप की बात करें तो इसमें 50 मेगापिक्सेल का डुअल रियर कैमरा और 32 मेगापिक्सेल का फ्रंट कैमरा दिया जाएगा। भारत में आईक्यू झेड11एक्स 5जी पहले ही लॉन्च हो चुका है, जिसकी शुरूआती कीमत 18,999 रुपये है।

## सैमसंग ने क्विक शेयर और एप्पल के एयरड्रॉप के बीच कंपैटिबिलिटी सपोर्ट शुरू किया

» सोल, यूटर्न/ 23 मार्च।



सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने सोमवार को कहा कि उसने एंड्रॉइड फाइल-शेयरिंग प्लेटफॉर्म क्विक शेयर और एप्पल के एयरड्रॉप के बीच कंपैटिबिलिटी सपोर्ट शुरू कर दिया है, जिससे गैलेक्सी एस26 स्मार्टफोन उपयोगकर्ता विभिन्न उपकरणों के बीच फोटो का आदान-प्रदान कर सकेंगे। योनहाप समाचार एजेंसी के मुताबिक, दक्षिण कोरियाई टेक दिग्गज कंपनी ने बताया है कि गैलेक्सी एस26 सीरीज के यूजर्स के लिए सोमवार से उपलब्ध इस अपडेट के साथ उपयोगकर्ता आईओएस संचालित आईफोन के साथ फाइलें साझा कर सकेंगे।

क्विक शेयर और एयरड्रॉप दोनों ही ब्लूटूथ तकनीक पर आधारित हैं, जो आस-पास के उपकरणों की पहचान करके फोटो, वीडियो, संपर्क नंबर और फाइलों का आदान-प्रदान करते हैं, लेकिन पहले इनमें परस्पर संचालन की सुविधा नहीं थी। कंपनी ने एक रिलीज में कहा, 'एयरड्रॉप सुविधा शुरू में गैलेक्सी एस26 सीरीज पर उपलब्ध होगी और अन्य उपकरणों के लिए इसका विस्तार बाद में किया जाएगा।'

## संक्षिप्त खबरें

### 1 अप्रैल से कई बड़े लेनदेन अब बिना पैन के संभव नहीं होंगे

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 मार्च।** 1 अप्रैल से लागू होने वाले नए इनकम टैक्स कानून में पैन कार्ड की भूमिका और महत्वपूर्ण हो गई है। सरकार का दावा है कि नए नियम नौकरीपेशा, व्यवसायी और मध्यम वर्ग के लिए सुविधा बढ़ाएंगे, लेकिन कई तरह के लेनदेन अब बिना पैन के संभव नहीं होंगे। नई वित्तीय वर्ष से पैन कार्ड के बिना कई बड़े लेनदेन पूरे नहीं होंगे। इनमें शामिल हैं- 10 लाख रुपये से अधिक लेनदेन, 5 लाख रुपये से ज्यादा कीमत के वाहन की खरीद, महंगे होटल बुकिंग, 20 लाख रुपये से अधिक मूल्य वाली संपत्ति की खरीद या बिक्री। इसके अलावा एलटीसी और होम लोन पर टैक्स छूट पाने के लिए भी पैन जरूरी होगा। रकार ने बच्चों की ट्यूशन फीस पर मिलने वाली टैक्स छूट को बढ़ाकर 3,000 रुपये प्रति माह कर दिया है। हॉस्टल खर्च की छूट भी बढ़कर 9,000 रुपये प्रति माह हो गई है। यह छूट केवल दो बच्चों तक ही लागू होगी। लेकिन इन छूटों का लाभ पाने के लिए पैन कार्ड अनिवार्य है। 1 अप्रैल के बाद एचआरए के तहत टैक्स छूट लेने के लिए मकान मालिक का नाम, पता और पैन कार्ड देना होगा। पुराने टैक्स रिजीम के तहत जमा किए जाने वाले दस्तावेज अब और सख्त होंगे। नए नियमों के अनुसार, पैन बनवाने के लिए अब आधार के साथ जन्म प्रमाण पत्र देना जरूरी होगा। नया पैन कार्ड नाम के बिना जारी किया जाएगा और केवल संख्या और जरूरी जानकारी शामिल होगी।

### भारत में जीएलपी-1 दवाओं के बाजार में जेनेरिक क्रांति

जेनेरिक दवाएं लॉन्च, ब्रांडेड दवाओं की कीमतों में 70 से 90 प्रतिशत तक की गिरावट

**मुंबई, यूटर्न/ 23 मार्च।** सेमाग्लूटाइड की पेटेंट अवधि समाप्त होने के बाद भारत में ग्लूकागॉन लाइक पेप्टाइड (जीएलपी-1) दवाओं के जेनेरिक संस्करण बाजार में उपलब्ध हो गए हैं। अब तक कम से कम 15 जेनेरिक दवाएं लॉन्च हो चुकी हैं, जिससे ब्रांडेड दवाओं की कीमतों में 70 से 90 प्रतिशत तक की कमी आई है। जीएलपी-1 एगोनिस्ट दवाएं मधुमेह नियंत्रित करने, वजन घटाने और भूख कम करने में मदद करती हैं। ये खास तौर पर टाइप-2 डायबिटीज और मोटापे के मरीजों के लिए उपयोगी हैं और आमतौर पर साप्ताहिक एक बार इंजेक्शन के रूप में ली जाती हैं। ग्लेनमार्क की जेनेरिक दवा अब मात्र 1,300 रुपये और अल्केम लैबोरेटरीज की दवा 1,800 रुपये प्रति माह में उपलब्ध है, जो ब्रांडेड दवाओं की तुलना में क्रमशः 85 और 79 प्रतिशत तक सस्ती हैं।

## नया स्मार्टफोन वनप्लस 15टी अब जल्द होगा लॉन्च

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 मार्च।



नया स्मार्टफोन वनप्लस 15टी अब जल्द लॉन्च होने जा रहा है। यह डिवाइस 24 मार्च को चीन में पेश किया जाएगा, जबकि इसके प्री-ऑर्डर पहले ही शुरू हो चुके हैं। भारतीय बाजार में यह स्मार्टफोन वनप्लस 15एस नाम से एंट्री कर सकता है। लॉन्च से पहले कंपनी ने इसके कुछ प्रमुख फीचर्स का खुलासा भी कर दिया है। डिजाइन की बात करें तो वनप्लस 15टी कॉम्पैक्ट फॉर्म फैक्टर में फ्लैगशिप अनुभव देने वाला स्मार्टफोन होगा।

इसमें 6.32 इंच का अमोलेड डिस्प्ले मिलेगा, जो 165 एचझेड रिफ्रेश रेट के साथ आएगा। फोन के बेजल बेहद पतले, करीब 1.1 मिमी होंगे और इसके किनारे गोल डिजाइन के साथ आकर्षक लुक देंगे। साथ ही इसमें अल्ट्रासोनिक इन-डिस्प्ले फिंगरप्रिंट स्कैनर भी दिया जाएगा।

परफॉर्मेंस के मामले में यह डिवाइस काफी दमदार साबित हो सकता है। इसमें स्नैपड्रेगन 8 इलाइट जेन 5 चिपसेट मिलने की उम्मीद है, जो हाई-एंड प्रोसेसिंग और गेमिंग के लिए बेहतर माना जाता है। बैटरी भी इसकी बड़ी खासियत होगी। फोन में 7,500 एमएएच की बड़ी बैटरी दी जाएगी, जो 100वॉट वायर्ड और 50वॉट वायरलेस चार्जिंग सपोर्ट करेगी। इसके अलावा, यह मैग्नेटिक वायरलेस एक्सेसरीज को भी सपोर्ट करेगा।

फोटोग्राफी के लिए फोन में पेरिस्कोप टेलीफोटो लेंस दिया जाएगा, जो बेहतर जूम और पोर्ट्रेट शॉट्स लेने में मदद करेगा। लीक जानकारी के अनुसार, इसमें 50 मेगापिक्सेल का सोनी लीटिया 700 मेन कैमरा और 50 मेगापिक्सेल का टेलीफोटो सेंसर मिल सकता है।

साथ ही, यह डिवाइस आईपी66, आईपी68 और आईपी69 जैसे वाटर और डस्ट रेजिस्टेंस सर्टिफिकेशन के साथ आएगा। वनप्लस 15टी को पांच अलग-अलग स्टोरेज वेरिएंट में पेश किया जाएगा और यह तीन आकर्षक रंगों में उपलब्ध होगा।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## संक्षिप्त खबरें

### साइबर ठगों पर वार, एक सप्ताह में 37 आरोपी किए गिरफ्तार

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 23 मार्च।** पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में फरीदाबाद पुलिस की साइबर टीमों ने ठगों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में सफलता हासिल की है। महज एक सप्ताह में 14 से 20 मार्च के भीतर जिले के तीनों साइबर थानों एनआईटी, सेंट्रल और बल्लभगढ़ की टीमों ने कुल 37 साइबर ठगों को दबोचकर उनके कब्जे से 53,41,725 रुपये की राशि बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता यशपाल के अनुसार इस अवधि में कुल पांच मुकदमों पर प्रभावी कार्रवाई की गई। टीम ने न केवल गिरफ्तारियां कीं, बल्कि 217 साइबर शिकायतों का त्वरित निस्तारण करते हुए ठगी गई 1,27,026 रुपये की राशि को विभिन्न बैंक खातों में फ्रीज भी करवाया। गिरफ्तार आरोपियों में विक्रम सिंह, आर्यन, आदित्य, ऋषभ और प्रिंस मावी सहित कुल 37 नाम शामिल हैं।

मुकेश मल्होत्रा (कमांडेंट, एचएपी मधुबन) ने कहा कि अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस का तकनीकी रूप से अपडेट होना अनिवार्य है और यह सुविधा उन्हें आरोपियों को पकड़ने में गेम-चेंजर साबित होगी। फरीदाबाद पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार के लालच में न आएं। यदि आपके साथ साइबर ठगी होती है, तो बिना देरी किए तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचित करें या सरकारी पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कराएं।

### वादी ने बिजली निगम के खिलाफ दायर सिविल सूट वापस लिया

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 23 मार्च।** अदालत में बिजली निगम के खिलाफ दायर एक सिविल सूट को वादी द्वारा वापस लेने पर अदालत ने खारिज कर दिया। यह मामला दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के खिलाफ दायर किया गया था, जिसमें वादी अशोक कुमार ने बिजली अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत घोषणा और अनिवार्य निषेधाज्ञा की मांग की थी। मामले की सुनवाई अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुरेंद्र कुमार की अदालत में चल रही थी और यह केस मेंटेनबिलिटी पर बहस के लिए निर्धारित था। सुनवाई के दौरान वादी पक्ष के अधिवक्ता ने अदालत में स्पष्ट रूप से कहा कि वे अब इस याचिका को आगे नहीं बढ़ाना चाहते। उन्होंने यह फैसला महेश कुमार बनाम एसडीओ और अन्य में दिए गए निर्णय को ध्यान में रखते हुए लिया। अधिवक्ता ने अदालत से अनुरोध किया कि याचिका को वापस लेने की अनुमति दी जाए और भविष्य में कानून के अनुसार उचित आवेदन दायर करने की स्वतंत्रता प्रदान की जाए। अदालत ने इस अनुरोध को स्वीकार किया और सिविल सूट को वापस लिया गया। अपने आदेश में कोर्ट ने स्पष्ट किया कि वादी को भविष्य में उचित कानूनी प्रक्रिया के तहत दोबारा याचिका दायर करने की छूट रहेगी।

# बाल और वृद्ध आश्रम में गैस सिलिंडर की किल्लत

**» गाजियाबाद, यूटर्न/ 23 मार्च।**

गोविंदपुरम स्थित घरौंदा बाल आश्रम में गैस की कमी के कारण गंभीर संकट खड़ा हो गया है। आश्रम में सिर्फ एक दिन उपयोग के लिए ही गैस सिलिंडर बचा है। ऐसे में यहां रहने वाले करीब 55 अनाथ बच्चों और स्टाफ के लिए भोजन बनाना मुश्किल हो गया है। इनमें छोटे बच्चे और दूध पीने वाले बच्चे भी शामिल हैं।

आश्रम के संस्थापक ओंकार सिंह ने बताया कि गैस की किल्लत पिछले एक सप्ताह से बनी हुई है। उनकी टीम गैस एजेंसी से सिलिंडर लेने गई थी, लेकिन एजेंसी ने 25 दिन बाद गैस मिलने की बात कही। उन्होंने बताया कि पहले बच्चों के लिए दो सब्जियां बनाई जाती थीं, लेकिन अब सिर्फ एक ही सब्जी बनाई जा रही है। दूध भी पहले दो-तीन बार गर्म किया जाता था। अब सिर्फ एक बार गर्म किया जा रहा है। ओंकार सिंह ने बताया कि जल्द ही गैस का इंतजाम नहीं हुआ तो बच्चों के लिए भोजन तैयार करना और भी कठिन हो जाएगा। उन्होंने सोमवार को जिला आपूर्ति अधिकारी से इस मामले में बात करने का फैसला किया है।



वहीं, दुहाई स्थित समाज कल्याण विभाग के वृद्धाश्रम में भी गैस की किल्लत जारी है। आश्रम को इस महीने मात्र चार सिलिंडर ही मिल पाए हैं, जबकि पहले हर महीने 20 से 22 सिलिंडर इस्तेमाल होते थे।

# जासूसी मामले में महिला समेत दो और गिरफ्तार, नाबालिग भी पकड़ा

**» कौशांबी, यूटर्न/ 23 मार्च।**

पाकिस्तान के लिए देश की जासूसी करने के मामले में पुलिस ने एक महिला समेत तीन लोगों को पकड़ा है। इनमें मथुरा के सदर बाजार स्थित औरंगाबाद की रहने वाली मीरा ठाकुर और बिहार के मुजफ्फरपुर स्थित हरचंदा गांव निवासी नौशाद अली शामिल है। तीसरा आरोपी नाबालिग है। मीरा शुरूआत से खुद को मुंबई पुलिस का मुखबिर बता रही थी। तीनों ने पूछताछ में दिल्ली व हरियाणा में रेकी करने और फोटो व लोकेशन पाकिस्तान में बैठे गिरोह के सरगना सरदार उर्फ सरफराज को भेजने की बात स्वीकार की है। मीरा के मोबाइल फोन से संवेदनशील इलाकों के कई वीडियो भी मिले हैं।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त राजकरन नैय्यर ने बताया कि 13 मार्च को देश की जासूसी करने वाले गिरोह के पकड़े जाने पर पूछताछ में मीरा ठाकुर और नौशाद अली का नाम सामने आया था। मीरा ठाकुर ने पूछताछ में एसआईटी को बताया कि वह सुहेल और नौशाद पहले से दोस्त थे। नौशाद से उसकी जान-पहचान फेसबुक के जरिये हुई थी। इसके बाद वह भी ग्रुप में जुड़ गई। एडिशनल सीपी ने बताया कि मीरा को वर्ष 2025 में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल टीम ने असलहा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया था। नौशाद ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिये आरोपियों से जुड़ा था। वह पाकिस्तान से गिरोह को संचालित कर रहे सरदार से सीधे संपर्क में था। उसने दिल्ली व अन्य राज्यों में सुरक्षा बलों के ठिकानों व रेलवे स्टेशनों की रेकी की। उनके फोटो-वीडियो के साथ ही जीपीएस लोकेशन सरदार को भेजी थी। पुलिस के अनुसार, नौशाद को सरदार ने अलग-अलग काम सौंप रखे थे।

# टीएचए में पीने के लिए तो दूर नहाने के लिए भी पानी खरीदना पड़ रहा



**» साहिबाबाद, यूटर्न/ 23 मार्च।**

टीएचए के कई इलाकों में नवरात्र पर लोगों को पीने के लिए तो दूर नहाने के लिए भी पानी नहीं मिल रहा है। कहीं मिल भी रहा है तो दूषित बदबूदार पानी। इसकी वजह से इलाके के दस हजार से अधिक लोग प्रभावित हैं। त्योहार पर पानी नहीं मिलने की वजह से लोगों को साफ-सफाई करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को मजबूरन पीने और नहाने के लिए बाजार से बोतल बंद पानी खरीदना पड़ रहा है।

न्यायखंड एक कॉलोनी में रविवार को गंगाजल की आपूर्ति ठप होने से हजारों लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। लोगों का कहना है कि बीते कई दिनों से कॉलोनी में कम प्रेशर से पानी आ रहा था। रविवार को वो भी लोगों नहीं मिला। पानी की किल्लत के कारण लोगों का दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है और उन्हें मजबूरी में बाजार से बोतलबंद पानी खरीदना पड़ रहा है।

स्थानीय रेनू कुमारी ने बताया कि पहले से ही पानी की आपूर्ति अनियमित थी लेकिन अब पूरी तरह से बंद हो जाने से हालात और बिगड़ गए हैं। जिन घरों में पानी का कोई वैकल्पिक साधन नहीं है, वहां घरेलू कामकाज जैसे खाना बनाना, साफ-सफाई और पीने के पानी की व्यवस्था करना भी मुश्किल हो गया है। लोगों का कहना है कि पानी जैसी बुनियादी सुविधा के लिए उन्हें अतिरिक्त पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं, जिससे आर्थिक बोझ भी बढ़ रहा है।

### पप्पू कॉलोनी और विक्रम एन्क्लेव में दूषित पानी की आपूर्ति

एक तरफ प्रदेश सरकार हर घर जल योजना के जरिए शुद्ध पेयजल पहुंचाने का दावा कर रही है। वहीं मोहन नगर जोन वार्ड-10 पप्पू कॉलोनी और वार्ड-37 विक्रम एन्क्लेव में बदबूदार दूषित पानी की आपूर्ति हो रही है। लोगों का कहना है कि पिछले कई दिनों से बदबूदार सीवर युक्त पानी की आपूर्ति हो रही है। स्थिति इतनी विकट है कि लोग अब नहाने तक के लिए पानी खरीद रहे हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि नलों से जो पानी आ रहा है, वह पीने लायक तो दूर, हाथ धोने के योग्य भी नहीं है। पानी में से भारी दुर्गंध आ रही है और यह पूरी तरह काली कीचड़ जैसा दिखाई दे रहा है। नवरात्र के पावन पर्व पर, जहां शुद्धता और स्नान का विशेष महत्व है, वहां श्रद्धालु नहाने के लिए भी पानी के कैंपर खरीदने को विवश हैं। सोमेंद्र तोमर, अवर अभियंता, जलकल ने बताया कि टीम को पेयजल पाइप लाइन की जांच कराने के लिए लगा दिया गया है। अगर कहीं लाइन लीकेज मिलती है। उसे तुरंत ठीक कराकर समस्या का समाधान कराया जाएगा।

# बीके नागरिक अस्पताल के हार्ट सेंटर की ओपीडी सेवा आज से शुरू

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 23 मार्च।** जिले के हृदय रोगियों के लिए राहत भरी खबर है। जिला नागरिक अस्पताल स्थित बीके अस्पताल के अत्याधुनिक हार्ट सेंटर की ओपीडी सेवा सोमवार से शुरू हो गई है। अब मरीजों को हृदय संबंधी जांच और परामर्श के लिए स्थानीय स्तर पर ही सुविधाएं मिलनी शुरू हो गई हैं।

गौरतलब है कि हाल ही में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल द्वारा इस हार्ट सेंटर का आधिकारिक उद्घाटन किया गया था। उद्घाटन के बाद अब यहां सेवाओं को चरणबद्ध तरीके से शुरू किया जा रहा है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, फिलहाल ओपीडी नियमित रूप से संचालित होगी साथ ही एंजियोग्राफी और एंजियोप्लास्टी जैसी महत्वपूर्ण प्रक्रियाएं भी शुरू कर दी जाएंगी। अस्पताल की तीसरी मंजिल पर संचालित इस हार्ट सेंटर में मरीजों को सस्ती दरों पर उपचार उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। एंजियोग्राफी और एंजियोप्लास्टी की सुविधा लगभग 52 हजार रुपये में उपलब्ध होगी, जो निजी अस्पतालों की तुलना में काफी किफायती है। मेडिट्रीना हॉस्पिटल्स प्राइवेट लिमिटेड के एचआर हेड दिलीप नायर ने बताया कि सेंटर के संचालन के लिए नए सिरे से विशेषज्ञ डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की नियुक्ति की गई है। हृदय रोग विशेषज्ञ के रूप में डॉ. विशाल सेवाएं दे रहे हैं, जिन्हें इस क्षेत्र में करीब 10 वर्षों का अनुभव है। उन्होंने बताया कि सीजीएचएस, आयुष्मान कार्ड, बीपीएल और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को यहां निशुल्क उपचार की सुविधा मिलेगी, जिसका खर्च सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। हार्ट सेंटर बंद होने के दौरान मरीजों को सस्ती दरों पर इलाज के लिए अन्य जिलों या निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा था।

# फरीदाबाद में फिर बढ़ सकते हैं कलेक्टर रेट, प्रॉपर्टी खरीदना होगा महंगा

**» फरीदाबाद, यूटर्न/ 23 मार्च।**

जिले में जमीन के कलेक्टर रेट एक बार फिर बढ़ने की तैयारी शुरू हो गई है। राजस्व विभाग द्वारा नई दरें तय करने की प्रक्रिया शुरू होने के बाद फरीदाबाद सहित हरियाणा के कई जिलों में दोबारा बढ़ोतरी की संभावना जताई जा रही है। इससे पहले पिछले साल भी कलेक्टर रेट में बड़ी बढ़ोतरी की गई थी जिसके कारण रजिस्ट्री और स्टांप ड्यूटी महंगी हो गई थी।

राज्य स्तर पर सभी तहसीलों से नई दरों के प्रस्ताव मांगे गए हैं। विभागीय सूत्रों के अनुसार इस बार भी विकास वाले क्षेत्रों, मुख्य सड़कों से सटी जमीन, नहर किनारे के गांवों और शहरी सीमा से लगे इलाकों में ज्यादा बढ़ोतरी हो सकती है। फरीदाबाद, गुरुग्राम, सोनीपत और झज्जर जैसे तेजी से विकसित हो रहे जिलों में कलेक्टर रेट संशोधन पर विशेष फोकस रखा गया है। फरीदाबाद में पिछली बार कलेक्टर दरों में कई इलाकों में 10 प्रतिशत से लेकर 50 प्रतिशत तक बढ़ोतरी की गई थी। तिगांव, बल्लभगढ़, दयालपुर, चंदावली, फफूंडा, जुन्हेड़ा, अटाली और नीमका जैसे क्षेत्रों में कृषि भूमि के रेट सबसे ज्यादा बढ़ाए गए थे। रोड से सटी और नहर किनारे की जमीनों में अधिक वृद्धि की गई थी क्योंकि इन क्षेत्रों में विकास की संभावनाएं ज्यादा मानी गई थीं।



रिहायशी कॉलोनियों में औसतन 10 से 20 प्रतिशत और व्यावसायिक क्षेत्रों में 15 से 30 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई थी। लाइसेंस्ड कॉलोनियों और ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट वाले सेक्टरों में कुछ जगहों पर दरें 50 प्रतिशत तक बढ़ाई गई थीं।

**इस बार भी विकास वाले क्षेत्रों पर रहेगा फोकस:** अधिकारियों के अनुसार नई दरें तय करते समय शहर के विस्तार, मेट्रो और एक्सप्रेसवे कनेक्टिविटी, औद्योगिक क्षेत्र और नई कॉलोनियों को ध्यान में रखा जाएगा। ग्रेटर फरीदाबाद, बल्लभगढ़ क्षेत्र, आईएमटी, तिगांव बेल्ट, मोहना रोड, जेवर एयरपोर्ट कनेक्टिविटी से जुड़े गांव और शहरी सीमा से लगे इलाकों में ज्यादा संशोधन संभव माना जा रहा है।

### सड़क, सीवर और पेयजल समस्या से मिलेगी राहत, 10 करोड़ से विकास कार्य शुरू

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 23 मार्च।** वार्ड एक व पांच में बुनियादी समस्याओं के समाधान के लिए करीब 10 करोड़ रुपये की लागत से व्यापक विकास कार्य किए जाएंगे। इन कार्यों का शुभारंभ केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर द्वारा ने किया। सड़क, सीवर और पेयजल व्यवस्था से जुड़ी परेशानियों से जूझ रहे हजारों लोगों को इन परियोजनाओं के शुरू होने से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

वार्ड नंबर एक स्थित सेक्टर 55, गौंछी, जीवन नगर, झाड़सैतली सहित कई इलाकों में सीवर-पानी सहित खराब सड़कों की समस्या बनी हुई है यही हाल वार्ड पांच का है। योजना के तहत कॉलोनियों की मुख्य सड़कों के साथ-साथ आंतरिक गलियों को भी सीमेंटेड बनाया जाएगा। क्षेत्र में कई गलियां अभी कच्ची या जर्जर हालत में हैं जिसके कारण बरसात के दिनों में जलभराव और कीचड़ से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सड़कों के पक्का होने से आवागमन सुगम होगा और कॉलोनी की साफ-सफाई व्यवस्था भी बेहतर होगी।

सीवर व्यवस्था को सुधारने के लिए नई सीवर लाइन डाली जाएगी। मौजूदा सीवर लाइनें कई जगहों पर जाम और टूटी हुई हैं जिससे गंदा पानी सड़कों पर बहता रहता है और बदबू के साथ बीमारियों का खतरा बना रहता है। नई लाइन बिछने से सीवर ओवरफ्लो की समस्या कम होगी और क्षेत्र में स्वच्छता का स्तर सुधरेगा। पेयजल आपूर्ति को सुचारु करने के लिए भी नई पाइपलाइन बिछाने की योजना तैयार की गई है। अभी कई घरों तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पाता, जिसके कारण लोगों को निजी टैंकरों पर निर्भर रहना पड़ता है।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# आईपीएल प्रसारण पर लगा प्रतिबंध हटा सकता है बांग्लादेश

**मुम्बई , यूटर्न/ 23 मार्च।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की कार्रवाई के डर से बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) अब आईपीएल प्रसारण पर लगी रोक हटा सकता है। इसका संकेत खेल मामलों के राज्य मंत्री अमिनुल हक के बयान से मिलता है। जिसमें उन्होंने कहा था कि वह इस मामले में बीसीबी से बात करेंगे। उन्होंने कहा कि खेल को राजनीति में नहीं लाना चाहिये। हमें भारत के साथ अच्छे संबंध बनाने होंगे। साथ ही कहा कि इस मामले में बातचीत के बाद ही कोई फैसला होगा। इससे पहले बीसीसीआई के बांग्लादेशी तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल से बाहर करने के बाद बांग्लादेश बोर्ड ने भी बदले की कार्रवाई के तहत ही आईपीएल प्रसारण पर प्रतिबंध लगा दिया था।

साथ ही कहा था कि ये पाबंदी जनहित में लगायी गयी है। तब बीसीबी ने कहा था कि . जब भारत में मुस्तफिजुर को आईपीएल से बाहर किया गया है तो हमें भी आईपीएल को प्रतिबंधित करने का अधिकार है। इसी मामले को लेकर बांग्लादेश ने 2026 टी20 विश्व कप के लिए अपनी टीम भी भारत नहीं भेजी थी। हाल में जिस प्रकार से बांग्लादेश में सरकार बदली है उससे भी उसका रुख भारत के प्रति बदला है।

# धोनी के इस बार आईपीएल से संन्यास लेने की अटकलें तेज हुई

» **चेन्नई, यूटर्न/ 23 मार्च।**



चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी 44 साल के हो गये हैं। ऐसे में उनके संन्यास की अटकलें जोर पकड़ती जा रही हैं। इस बार माना जा रहा है कि वह अंतिम बार लीग से खेलते दिखेंगे। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जब वह स्टेडियम में पहुंचे तो हर तरफ से 'थाला थाला' सुनाई देना लगा। उनकी आवाज सुनकर प्रशंसक भी भावुक दिखे। वहीं धोनी पूर्व क्रिकेटरों सुरेश रैना और डीजे ब्रावो के साथ नजर आये। इससे भी प्रशंसकों को लगा रहा है कि ये धोनी का अंतिम आईपीएल रहेगा। प्रशंसक सीएसके के 'रोर 26' इवेंट के लिए स्टेडियम में पहुंचे थे। कुछ सीएसके खिलाड़ियों ने मैदान पर अभ्यास किया, वहीं कुछ बातें करते दिखे। वहीं पहली बार टीम में शामिल जब नए खिलाड़ी संजू सैमसन जब मैदान में आए, तब भी जोरदार तालियां बज उठीं। धोनी आईपीएल में अपना 19वां सत्र खेलने जा रहे हैं। उनकी ताकत पहले जैसी नहीं रही पर सीएसके के लिए वह आज भी सबसे कीमती खिलाड़ी हैं हालांकि अब वह निचले स्तर पर ही बल्लेबाजी के लिए उतरते हैं। वहीं चेन्नई के पूर्व क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा का मानना है कि धोनी का ये अंतिम आईपीएल रहेगा।



# 'आसान नहीं था टीवी से बॉलीवुड का सफर', उल्का गुप्ता ने सुनाई अपनी कहानी

एक्टिंग इंडस्ट्री में हर कलाकार की जर्नी अलग होती है। कुछ लोग फिल्मों के जरिए पहला कदम रखते हैं तो कुछ टीवी से अपने करियर की शुरूआत करते हैं, लेकिन एक प्लेटफॉर्म में पहचान बनाकर दूसरे प्लेटफॉर्म में पैर जमाना आसान नहीं होता।

अभिनेत्री उल्का गुप्ता के लिए भी टीवी से फिल्मों में कदम रखना चुनौती भरा अनुभव रहा है। उन्होंने अपने करियर की शुरूआत टीवी से की थी और धीरे-धीरे फिल्मों में पहचान बनाने लगी। उल्का गुप्ता ने आईएएनएस को दिए इंटरव्यू में अपने करियर के अब तक के सफर को याद किया। उल्का गुप्ता ने कहा, ''टीवी से फिल्म इंडस्ट्री तक का सफर तय करना बिल्कुल भी आसान नहीं था। मैंने कई सालों तक छोटे पर्दे पर काम किया है और अभिनय की बारीकियां सीखी हैं, लेकिन जब फिल्मों में आने की बारी आई तो मुझे कई ऑडिशन्स से गुजरना पड़ा और खुद को साबित करना पड़ा। आज मैं जहां खड़ी हूं, वहां तक पहुंचने के पीछे कड़ी मेहनत है।'' बता दें कि उल्का गुप्ता ने अपने करियर की शुरूआत लोकप्रिय टीवी शो 'झांसी की रानी' से की थी। इस शो में उन्होंने रानी लक्ष्मीबाई के बचपन के किरदार 'मणिकर्णिका' की भूमिका निभाई थी। इस किरदार ने उन्हें घर-घर में पहचान दिलाई। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। इस शो को लेकर उन्होंने कहा, ''इस शो ने मेरे करियर को एक मजबूत नींव दी है और मेरी एक बेहतर कलाकार बनने में मदद की है।'' उन्होंने अपना फिल्मी सफर 'सिम्बा' से शुरू किया था, जिसमें उन्होंने एक्टर रणवीर सिंह की बहन का रोल निभाया था। 'केरल स्टोरी 2' फिल्म में उन्होंने 'सुरेखा' का किरदार निभाया। इसे लेकर उन्होंने कहा, ''फिल्में समाज का आईना होती हैं। समाज में जो कुछ भी घटित होता है, वही फिल्मों के जरिए दिखाया जाता है। फिल्में समाज की सच्चाई को सामने लाती हैं और कई बार समस्या का हल भी दिखाने की कोशिश करती हैं।''

# विराट ने आईपीएल से पहले आरसीबी को किया सावधान, सभी टीमें हमें हराना चाहेंगी



**बेंगलुरु, यूटर्न/ 23 मार्च।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने कहा है कि इस बार का सत्र पहले से कठिन होगा। इसलिए टीम के सभी खिलाड़ियों को और अधिक गंभीरत से खेलना होगा। विराट ने कहा कि इस बार सभी टीमें आरसीबी को हराने का लक्ष्य लेकर उतरेंगी क्योंकि वह मौजूदा चैम्पियन है। ऐसे में सभी टीमें हमारे खिलाफ अपनी पूरी ताकत लगा देंगी। इस माह के अंत में शुरू हो रहे आईपीएल में आरसीबी का पहला मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। आरसीबी के शेयर किए गए एक वीडियो में विराट टीम के खिलाड़ियों से बात करने के दौरान उन्हें उत्साहित करते दिखे। उन्होंने कहा कि पिछले 2 से 3 सत्र में टीम ने काफी मेहनत की है और उसी मेहनत के कारण उन्हें पिछले सत्र में खिताबी जीत मिली थी। विराट ने खिलाड़ियों से कहा कि इस बार चुनौती और बड़ी होगी, इसलिए शुरूआत से ही पूरी ताकत से खेलना होगा। कोहली ने कहा, हमने पिछले 2-3 साल में जो हासिल किया, उसके लिए बहुत मेहनत की पर अब चुनौती और कठिन होने वाली है क्योंकि बाकी टीमें हमें हराने के लिए पूरी ताकत लगाएंगी। हमें अभी से स्विच ऑन होना होगा और हर सेशन में आना सौ फीसदी से अधिक देना होगा। फ्छइ ने साल 2025 में अपना पहला आईपीएल खिताब जीता था। तब उसने फाइनल मुकाबले में पंजाब किंग्स को 6 रन से हराया था। अब टीम क्2छ 2026 में अपने खिताब का बचाव करने का पूरा प्रयास करेगी और लगातार दूसरी ट्रॉफी जीतने की कोशिश करेगी। टीम के मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने कहा कि इस बार नीलामी में टीम ने काफी अच्छे खिलाड़ियों को शामिल किया है, जिससे टीम पहले से ज्यादा बेहतर हुई है। उन्होंने कहा कि नए खिलाड़ियों को टीम के माहौल में ढालना और सीनियर खिलाड़ियों के साथ सही तालमेल बनाना इस सत्र में सबसे महत्वपूर्ण रहेगा। गौरतलब है कि विराट आईपीएल इतिहास के सबसे सफल बल्लेबाजों में से एक हैं। उन्होंने आईपीएल में 267 मैचों में 8661 रन बनाए हैं, जिसमें 8 शतक और 63 अर्धशतक शामिल हैं।



# 'सुंदरावली' का किरदार नायक की ताकत है : नाभा नतेश

साल 20226 में बॉलीवुड की कई बड़ी फिल्मों की रिलीज को लेकर उत्साह बना हुआ है। ऐसी ही एक फिल्म 'स्वयंभू' चर्चा में है। यह फिल्म एक बहादुर योद्धा की कहानी को दशार्ती है, जिसने अपनी वीरता से इतिहास की दिशा बदल दी। फिल्म में अभिनेत्री नाभा नतेश अहम भूमिका निभा रही हैं, जिनका किरदार कहानी में भावनात्मक गहराई जोड़ता है। नाभा नतेश ने एक इंटरव्यू में अपने किरदार 'सुंदरावली' के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि सुंदरावली एक क्लासिकल डांसर है, जो उसी गांव में पली-बढ़ी है जहां निखिल का किरदार रहता है। वह नायक के व्यक्तित्व को गहराई से समझती है और उसके जीवन के हर उतार-चढ़ाव से परिचित है। नाभा के मुताबिक, उनका किरदार सिर्फ एक साथी नहीं, बल्कि नायक की ताकत का आधार है। उन्होंने बताया कि सुंदरावली उस भावना का प्रतीक है, जो अक्सर पर्दे के पीछे रहकर किसी की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जब नायक कठिन परिस्थितियों से गुजरता है, तब सुंदरावली ही उसे संभालती है और दोबारा खड़े होकर अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने का आत्मविश्वास देती है। यही मोड़ कहानी को नई दिशा देता है और नायक के संघर्ष को निर्णायक रूप में बदल देता है।

# पीटरसन की पसंदीदा आईपीएल टीम में रोहित को नहीं मिली जगह

» **मुम्बई, यूटर्न/ 23 मार्च।**

इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने आईपीएल की अपनी पसंदीदा टीम बनायी है। हैरानी की बात ये है कि पीटरसन की इस टीम में आक्रामक बल्लेबाज रोहित शर्मा को जगह नहीं मिली है जबकि रोहित आईपीएल के इतिहास के सबसे सफल कप्तानों में से एक हैं। उनकी कप्तानी में ही मुंबई इंडियंस ने पांच बार खिताब जीता है। वह टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे नंबर पर हैं। पीटरसन ने अपनी इस टीम में पारी की शुरूआत के लिए क्रिस गेल और विराट कोहली को चुना।

इसके बाद, उन्हें एबी डी विलियर्स, सुरेश रैना, केएल राहुल, ग्लेन मैक्सवेल, ऋषभ पंत, युवराज सिंह और कीरोन पोलार्ड में से तीन मध्य क्रम के खिलाड़ी चाहिये थे। इस पर पीटरसन ने रैना और डी विलियर्स को शामिल किया पर तीसरे खिलाड़ी का नाम नहीं बताया। वहीं कप्तान और विकेटकीपर के लिए उन्होंने महेन्द्र सिंह धोनी को शामिल किया। बल्लेबाजी क्रम में उन्होंने धोनी को पांचवें 5वें नंबर पर रखा है। ऑलराउंडर के तौर पर उन्हें हार्दिक पांड्या, सुनील नरेन, रवींद्र जडेजा, ड्वेन ब्राव और आंद्रे रसेल में से दो खिलाड़ियों को चुनने का मौका था तो उन्होंने रसेल को शामिल किया।

साथ ही नरेन और जडेजा को भी शामिल किया। वहीं एक स्पिनर के लिए राशिद खान, हरभजन सिंह और युजी चहल में से पीटरसन ने चहल को शामिल करते हुए कहा कि कि वह मेरा पसंदीदा खिलाड़ी है।

इसके बाद दो तेज गेंदबाजों के लिए जसप्रीत बुमराह और लसिथ मलिंगा के नाम रखे गये और पीटरसन ने दोनो को ही शामिल कर लिया। इसके बाद जो टीम बनी वह इस प्रकार है : क्रिस गेल, विराट कोहली, एबी डिविलियर्स, सुरेश रैना, एमएस धोनी, सुनील नरेन, रवींद्र जड़ेजा, आंद्रे रसेल, युजी चहल, जसप्रीत बुमराह और लसिथ मलिंगा।



## फटाफट खबरें

### दुनिया के एनर्जी प्रमुख ने चेताते हुए कहा- ऐसे तो पूरी दुनिया पर आएगा ऊर्जा का संकट

**सिडनी, यूटर्न/ 23 मार्च।** अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने गंभीर समस्याओं को लेकर आगाह किया है। आईईए के प्रमुख फातिह बिरोल ने सोमवार को कहा है कि युद्ध से पैदा हुए ऊर्जा संकट से वैश्विक अर्थव्यवस्था बहुत बड़े खतरे में है और कोई भी देश इसके प्रभावों से अछूता नहीं रहेगा।ऑस्ट्रेलिया की राजधानी में नेशनल प्रेस क्लब में बोलते हुए, आईईए चीफ ने कहा, मौजूदा हालात को देखते हुए यह संकट अब पूर्व में 2 बार पैदा हुए तेल संकटों का मिला-जुला रूप बन गया है।बिरोल ने आगे कहा, आज वैश्विक अर्थव्यवस्था एक बहुत-बहुत बड़े खतरे का सामना कर रही है और मुझे पूरी उम्मीद है कि इस मुद्दे का समाधान जल्द से जल्द हो जाएगा। उन्होंने कहा, अगर यह संकट इसी दिशा में आगे बढ़ता रहा, तो कोई भी देश इसके प्रभावों से बच नहीं पाएगा। इसलिए, अब वैश्विक स्तर पर प्रयासों की जरूरत है।

### ईरान की रणनीति, अब होर्मुज से निकलने वाले जहाजों को चुकाने होंगे 20 लाख डॉलर

**तेहरान, यूटर्न/ 23 मार्च।** अमेरिका और इजराइल से अकेल जंग लड़ रहा ईरान अब फंड जुटाने पर जोर दे रहा है। इसके लिए स्टेट ऑफ होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों से 20 लाख डॉलर वसूलने की योजना बनाई गई है। ईरान के एक सांसद ने ही ऐसा दावा किया है। इससे पहले ईरान ने धमकी दी थी कि अगर अमेरिका की तरफ से हमले किए जाते हैं, तो स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को पूरी तरह से बंद कर दिया जाएगा। माना जा रहा है इससे ईरान को जंग लड़ना आसान होगा और लंबे समय तक लड़ाई लड़ना पड़े तो भी ईरान सरवाइव कर लेगा। रिपोर्ट के अनुसार, ईरान की संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के सदस्य, अलादीन ब्रूजेर्दी ने कहा कि यह कदम पहले ही लागू किया जा चुका है। उन्होंने कहा, अब, चूंकि युद्ध की अपनी लागत होती है, इसलिए स्वाभाविक रूप से हमें यह करना चाहिए और यहां से गुजरने वाले जहाजों से ट्रांजिट शुल्क लेना चाहिए।

### भारतीय महिला के बच्चे को चीन में अच्छे स्कूल में नहीं मिल रहा प्रवेश

**बीजिंग, यूटर्न/ 23 मार्च।** एक भारतीय महिला अपने पति के साथ पिछले आठ वर्षों से चीन में रह रही है। महिला का पति भी चीन का ही रहने वाला है, इसके बावजूद वह अपने बेटे का दाखिला किसी अच्छे किंडरगार्टन में नहीं करा पाई। आखिरकार महिला अपने बच्चे को लेकर भारत लौटने का फैसला कर चुकी है। चीन की शिक्षा प्रणाली की जटिलता और प्रतिस्पर्धा को यह मामला उजागर करता है। चीन में शिक्षा को बेहद गंभीरता से लिया जाता है और यहां एडमिशन प्रक्रिया काफी सख्त मानी जाती है। कई माता-पिता बच्चे के जन्म से पहले ही स्कूलों की तलाश शुरू कर देते हैं। यहां एडमिशन केवल आवेदन फॉर्म या परीक्षा तक सीमित नहीं होता, बल्कि 'हुकौ' नामक स्थानीय निवास पंजीकरण प्रणाली पर आधारित होता है। यह सिस्टम तय करता है कि बच्चे को किस क्षेत्र के किस स्कूल में प्रवेश मिलेगा। यदि परिवार के पास उस इलाके का 'हुकौ' नहीं है, तो सरकारी स्कूल में दाखिला मिलना लगभग असंभव हो जाता है।

## फोटो स्टोरी



**बांग्लादेश में एक बस हादसे का शिकार होने से करीब 12 लोगों की मौत हो गयी जबकि कई अन्य घायल हो गये।**

## ईरानी हमले के बाद हालात का जायजा लेने पहुंचे राष्ट्रपति हर्जोग

**तेल अवीव, यूटर्न/ 23 मार्च।** ईरान और इजरायल के बीच जारी सैन्य संघर्ष में एक नया और गंभीर मोड़ आया है। 28 फरवरी, 2026 से शुरू हुए हमलों के क्रम में, ईरान ने शनिवार को इजरायल के न्यूक्लियर शहर अराद और डिमोना पर हमला किया। इतने दिनों में पहली बार ईरान ने इजरायल के न्यूक्लियर ठिकाने को निशाना बनाया। घटना के बाद रविवार को इजरायली राष्ट्रपति इसाक हर्जोग ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और ईरान को कड़ी चेतावनी दी। हालांकि ईरान के इस हमले में किसी भी इजरायली नागरिक की मौत नहीं हुई, लेकिन इमारतों को नुकसान पहुंचा। अराद में ईरानी हमले में एक बेकरी हाउस को भी नुकसान पहुंचा। राष्ट्रपति हर्जोग ने बेकरी के मालिक से भी मुलाकात की। मुलाकात के बाद उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जाहिर की।

## होर्मुज से गुजरने पर 2 मिलियन डॉलर लेने का दावा निराधार: ईरान



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 मार्च।** होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों पर 2 मिलियन डॉलर वसूले जाने के दावे को लेकर फैल रही खबरों पर भारत स्थित ईरानी दूतावास ने स्पष्ट और कड़ा रुख अपनाया है। दूतावास ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि इस तरह के सभी दावे पूरी तरह से झूठे, भ्रामक और निराधार हैं, और इनका वास्तविकता से कोई संबंध नहीं है। दूतावास ने यह भी साफ किया कि इस तरह की बातें कुछ व्यक्तियों के निजी विचार हो सकते हैं, लेकिन इन्हें किसी भी स्थिति में ईरान सरकार की आधिकारिक नीति या रुख के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। बयान में जोर देकर कहा गया कि ईरान ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों को लेकर कोई ऐसी नीति घोषित नहीं की है, जिसमें जहाजों से इस प्रकार की भारी रकम वसूली जा रही हो। दरअसल, क्षेत्र में जारी संघर्ष और अनिश्चितता के माहौल में कई तरह की अपुष्ट खबरें और दावे सामने आ रहे हैं, जिनमें से कुछ को बिना आधिकारिक पुष्टि के ही व्यापक रूप से साझा किया जा रहा है। ईरान के दूतावास ने ऐसे ही दावों को खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि देश की आधिकारिक स्थिति को केवल आधिकारिक स्त्रोतों के आधार पर ही समझा जाना चाहिए, न कि व्यक्तिगत बयानों या अफवाहों के आधार पर। एक्स पोस्ट में जारी बयान में लिखा- 'इस तरह की खबरें पूरी तरह निराधार हैं और इनका ईरान की आधिकारिक नीति से कोई संबंध नहीं है। इस तरह के दावे कुछ व्यक्तियों की निजी राय हैं, जो ईरान सरकार के आधिकारिक रुख को नहीं दर्शाते।' इस पूरे घटनाक्रम के बीच ईरान की ओर से यह भी संकेत दिया गया है कि होर्मुज जलडमरूमध्य अंतरराष्ट्रीय आवाजाही के लिए खुला है, हालांकि मौजूदा भू-राजनीतिक परिस्थितियों के कारण कुछ देशों के संदर्भ में अलग रुख अपनाया जा सकता है।

## धमकियों से नहीं डरेगा ईरान, हमें व्यापार की पूरी आजादी चाहिए : विदेश मंत्री अराघची



» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 मार्च।**

ईरानी विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने होर्मुज स्ट्रेट को लेकर अमेरिका और इजरायल पर बड़ा निशाना साधा है। अराघची ने स्पष्ट किया कि ईरान ने इस सामरिक समुद्री मार्ग को बंद नहीं किया है। उन्होंने कहा कि जहाजों की आवाजाही में आ रही कमी का मुख्य कारण बीमा कंपनियों में व्याप्त युद्ध का भय है, जिसकी वजह से शिपिंग कंपनियां इस क्षेत्र से गुजरने में संकोच कर रही हैं। अराघची ने इस स्थिति के लिए सीधे तौर पर अमेरिका और इजरायल की नीतियों को जिम्मेदार ठहराया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिका और इजरायल पर युद्ध शुरू करने का आरोप लगाते हुए कहा, 'होर्मुज स्ट्रेट बंद नहीं हुई है। शिपिंग कंपनियां इसलिए हिचकिचा रही हैं क्योंकि बीमा कंपनियों को उस युद्ध का डर है जो ईरान ने नहीं, बल्कि आपने ही शुरू किया है। कोई भी बीमा कंपनी और कोई भी ईरानी और धमकियों से नहीं घबराएगा। सम्मान करने की कोशिश करें। समुद्र में जहाजों के आने-जाने की आजादी तभी संभव है जब व्यापार करने की आजादी हो। अगर आप इन दोनों का सम्मान नहीं करेंगे, तो आपको दोनों में से कुछ भी नहीं मिलेगा।

## ईरान के साथ यूएस की बातचीत सकारात्मक

### 5 दिन तक ऊर्जा संयंत्र पर हमने हमला टाला : ट्रंप

» **वाशिंगटन, यूटर्न/ 23 मार्च।**



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऐलान किया है कि ईरान के ऊर्जा संयंत्रों पर अमेरिका अगले 5 दिन तक कोई हमला नहीं करेगा। ट्रंप ने ट्रुथ पोस्ट में इसकी जानकारी दी। अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोमवार को कहा कि अमेरिका की ईरान के साथ सकारात्मक और उत्पादक बातचीत हुई है, जिसके बाद वह मिलिट्री को ईरानी पावर प्लांट और ऊर्जा ढांचों के खिलाफ किसी भी सैन्य हमले को टालने का आदेश देंगे। उन्होंने दावा किया कि दोनों देशों के बीच मिडिल ईस्ट में जारी तनाव को पूरी तरह खत्म करने को लेकर गंभीर वार्ता जारी है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर कहा, 'ईरान के साथ पिछले दो दिनों में बेहद सकारात्मक और उत्पादक बातचीत हुई है, जिसका मकसद मध्य पूर्व में जारी टकराव का पूर्ण समाधान निकालना है। चचाओं का ये दौर पूरे हफ्ते जारी रहेगा। दोनों देशों के बीच गहन और विस्तृत चचाओं के सकारात्मक रवैए को देखते हुए, 'मैंने अमेरिकी रक्षा विभाग को निर्देश दिया है कि ईरान के पावर प्लांट्स और ऊर्जा ढांचे पर सभी सैन्य हमलों को फिलहाल पांच दिनों के लिए टाल दिया जाए।'

इससे पहले ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान जारी कर कहा कि ट्रंप और प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने रविवार रात को फोन पर बात की। दोनों नेताओं ने मौजूदा हालात, खासकर होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने की जरूरत पर बात की, ताकि वैश्विक शिपिंग दोबारा शुरू हो सके। रविवार को ट्रंप की एक पोस्ट ने हंगामा मचा दिया था। ट्रंप ने 48 घंटे की धमकी ईरान को दी थी। कहा था कि अगर स्ट्रेट ऑफ होर्मुज नहीं खोला गया तो ईरान के बड़े बिजली संयंत्रों को निशाना बनाया जाएगा। इसके जवाब में ईरान ने भी दावा किया कि वो अमेरिकी सहायता से चलने वाले किसी भी संयंत्र को नहीं छोड़ेगा। ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने एक्स पोस्ट में लिखा, 'ईरान को नक्शे से मिटाने का भ्रम दरअसल उस हताशा को दर्शाता है, जो एक इतिहास रचने वाले राष्ट्र की दृढ़ इच्छाशक्ति के सामने खड़ी है। धमकियां और आतंक हमारे संकल्प को कमजोर नहीं, बल्कि और मजबूत करते हैं।

## न्यायपालिका पर भड़के पूर्व पीएम, पत्नी बुशरा बीबी के साथ अमानवीय व्यवहार का लगाया आरोप

» **इस्लामाबाद, यूटर्न/ 23 मार्च।**



पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान के स्वास्थ्य को लेकर जारी चिंताओं के बीच एक बड़ी खबर सामने आई है। लंबे समय से लंदन में रह रहे इमरान खान के बेटे कासिम खान ने आखिरकार रावलपिंडी की अदियाला जेल में अपने पिता से मुलाकात की है। इस मुलाकात के बाद कासिम खान ने सोशल मीडिया के जरिए अपने पिता का एक तीखा संदेश सार्वजनिक किया है, जिसमें इमरान खान ने पाकिस्तान की न्यायपालिका और सरकार पर गंभीर प्रहार किए हैं।

कासिम द्वारा साझा किए गए संदेश में इमरान खान ने न्यायपालिका के प्रति अपनी गहरी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि देश के जजों को अपनी भूमिका पर शर्म आनी चाहिए। खान ने आरोप लगाया कि न्यायपालिका अपनी आत्मा बेच चुकी है और उसे देश की एकता या अखंडता की कोई परवाह नहीं है। पूर्व प्रधानमंत्री ने भावुक होते हुए कहा कि जब सत्तासीन लोग उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से नहीं तोड़ पाए, तो उन्होंने उनकी पत्नी बुशरा बीबी को निशाना बनाना शुरू कर दिया। उन्होंने बुशरा बीबी के साथ जेल में हो रहे व्यवहार को अमानवीय और इस्लाम के खिलाफ बताते हुए कहा कि यह सब सिर्फ उन्हें ब्लैकमेल करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। खान ने यह भी खुलासा किया कि बेटे के साथ मात्र 30 मिनट की मुलाकात करने के बदले उन्हें 24 घंटे के कठिन आइसोलेशन (एकांत कारावास) की सजा भुगतनी पड़ती है।

बता दें कि इमरान खान के दोनों बेटे, सुलेमान और कासिम, काफी समय से अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपने पिता के मानवाधिकारों के हनन का मुद्दा उठा रहे थे।

उन्होंने दावा किया था कि जेल में उचित इलाज न मिलने के कारण इमरान खान की दाहिनी आंख की रोशनी बेहद कम हो गई है। पहले पाकिस्तान सरकार पर वीजा न देने का आरोप लगाने के बाद, अंततः कासिम खान को पाकिस्तान आने की अनुमति मिली।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *